ੴ

आसा की वार

अध्यात्म की ओर यात्रा

हिंदी अनुवाद

SikhBookClub.Com

SGGS Online.com

विषयसूची

1. आसा की वार ----------1
2. प्रार्थना----------69
3. यात्रा के लिए दर्शन----------73
4. पगड़ी का महत्व----------75
5. महिलाओं की भूमिका----------77
6. विनम्रता आपकी यात्रा का मुखय सार है----------81

🙏🙏🙏 We are distributing Free Gutkas, Divine message of the Guru globally in all the major languages, To Continue this Monumental task, please donate at https://sggsonline.com/donation

This Sewa has been done by Sewadars & SikhBookClub.

This text is only a translation and only gives the essence of the Guru's Divine word. For a more complete understanding, please read the Gurumukhi Sri Guru Granth Sahib Ji. If any errors are noticed, please notify us immediately via email at walnut@gmail.com.

Publisher: SikhBookClub.com

ੴ ਸਤਿਨਾਮੁ ਕਰਤਾ ਪੁਰਖੁ ਨਿਰਭਉ ਨਿਰਵੈਰੁ ਅਕਾਲ ਮੂਰਤਿ ਅਜੂਨੀ ਸੈਭੰ ਗੁਰਪ੍ਰਸਾਦਿ ॥
ੴ सतिनामु करता पुरखु निरभउ निरवैरु अकाल मूरति अजूनी सैभं गुरप्रसादि ॥
सबका मालिक वह परमपिता एक है, उसका नाम सत्य है, वह सृष्टि की रचना करने वाला है। वह सर्वशक्तिमान है, वह भय से रहित है, उसका किसी से वैर नहीं, वस्तुतः सब पर उसकी समान दृष्टि है, वह कालातीत ब्रह्म मूर्ति अमर है, वह जन्म-मरण के चक्र से मुक्त है, वह स्वयं प्रकाशमान हुआ है, गुरु-कृपा से प्राप्त होता है।

ਆਸਾ ਮਹਲਾ ੧ ॥
आसा महला १ ॥
आसा महला १ ॥

ਵਾਰ ਸਲੋਕਾ ਨਾਲਿ ਸਲੋਕ ਭੀ ਮਹਲੇ ਪਹਿਲੇ ਕੇ ਲਿਖੇ ਟੁੰਡੇ ਅਸ ਰਾਜੈ ਕੀ ਧੁਨੀ ॥
वार सलोका नालि सलोक भी महले पहिले के लिखे टुंडे अस राजै की धुनी ॥
वार श्लोकों सहित। श्लोक भी महला पहला के लिखे गए हैं। पौड़ियां ढूंढे असराज की ध्वनि पर गायन करना |

ਸਲੋਕੁ ਮਃ ੧ ॥
सलोकु मः १ ॥
श्लोक महला १॥

ਬਲਿਹਾਰੀ ਗੁਰ ਆਪਣੇ ਦਿਉਹਾੜੀ ਸਦ ਵਾਰ ॥
बलिहारी गुर आपणे दिउहाड़ी सद वार ॥
मैं अपने उस गुरु पर दिन में सौ बार बलिहारी जाता हूँ,"

ਜਿਨਿ ਮਾਣਸ ਤੇ ਦੇਵਤੇ ਕੀਏ ਕਰਤ ਨ ਲਾਗੀ ਵਾਰ ॥੧॥
जिनि माणस ते देवते कीए करत न लागी वार ॥१॥
जिसने मनुष्य को देवता बनाने में कोई विलम्ब नहीं किया ॥ १ ॥

ਮਹਲਾ ੨ ॥
महला २ ॥
महला २॥

ਜੇ ਸਉ ਚੰਦਾ ਉਗਵਹਿ ਸੂਰਜ ਚੜ੍ਹਹਿ ਹਜਾਰ ॥
जे सउ चंदा उगवहि सूरज चड़हि हजार ॥
यदि सौ चन्द्रमा उदित हो जाएँ और हजारों ही सूर्य का उजाला हो जाए तो भी

ਏਤੇ ਚਾਨਣ ਹੋਦਿਆਂ ਗੁਰ ਬਿਨੁ ਘੋਰ ਅੰਧਾਰ ॥੨॥
एते चानण होदिआं गुर बिनु घोर अंधार ॥२॥
संसार में इतना प्रकाश होते हुए भी गुरु के बिना घोर अंधकार ही होगा ॥ २॥

ਮਃ ੧ ॥
मः १ ॥
महला १॥

ਨਾਨਕ ਗੁਰੂ ਨ ਚੇਤਨੀ ਮਨਿ ਆਪਣੈ ਸੁਚੇਤ ॥
नानक गुरू न चेतनी मनि आपणै सुचेत ॥
हे नानक ! जो मनुष्य अपने गुरु को याद नहीं करते और अपने मन में चतुर होने का दावा करते हैं,

ਛੁਟੇ ਤਿਲ ਬੂਆੜ ਜਿਉ ਸੁੰਞੇ ਅੰਦਰਿ ਖੇਤ ॥
छुटे तिल बूआड़ जिउ सुंञे अंदरि खेत ॥
वे निरर्थक तिलों की भाँति व्यर्थ समझकर सूने खेतों में, फेंक दिए जाते हैं।

ਖੇਤੈ ਅੰਦਰਿ ਛੁਟਿਆ ਕਹੁ ਨਾਨਕ ਸਉ ਨਾਹ ॥
खेतै अंदरि छुटिआ कहु नानक सउ नाह ॥
गुरु नानक कहते हैं कि वे निरर्थक तिल खेत में छोड़ दिए जाते हैं और उनके सौ स्वामी बन जाते हैं।

ਫਲੀਅਹਿ ਫੁਲੀਅਹਿ ਬਪੁੜੇ ਭੀ ਤਨ ਵਿਚਿ ਸੁਆਹ ॥੩॥
फलीअहि फुलीअहि बपुड़े भी तन विचि सुआह ॥३॥
वे बेचारे फलते-फूलते हैं परन्तु फिर भी उनके तन में राख ही होती है।॥ ३॥

ਪਉੜੀ ॥
पउड़ी ॥
पउड़ी॥

ਆਪੀਨੈ੍ ਆਪੁ ਸਾਜਿਓ ਆਪੀਨੈ੍ ਰਚਿਓ ਨਾਉ ॥
आपीन्है आपु साजिओ आपीन्है रचिओ नाउ ॥
भगवान स्वयंभू है, उसने स्वयं ही अपने आपको बनाया तथा स्वयं ही उसने अपना नाम रचा है।

ਦੁਯੀ ਕੁਦਰਤਿ ਸਾਜੀਐ ਕਰਿ ਆਸਣੁ ਡਿਠੋ ਚਾਉ ॥
दुयी कुदरति साजीऐ करि आसणु डिठो चाउ ॥
दूसरा उसने प्रकृत्ति की रचना की और इसमें आसन करके वह चाव से अपना जगत प्रसार देखता है।

ਦਾਤਾ ਕਰਤਾ ਆਪਿ ਤੂੰ ਤੁਸਿ ਦੇਵਹਿ ਕਰਹਿ ਪਸਾਉ ॥
दाता करता आपि तूं तुसि देवहि करहि पसाउ ॥
हे भगवान ! तू स्वयं ही दाता एवं जग का रचयिता है, तू प्रसन्न होकर जीवों को देन देता है एवं अपनी प्रकृति का प्रसार करता है।

ਤੂੰ ਜਾਣੋਈ ਸਭਸੈ ਦੇ ਲੈਸਹਿ ਜਿੰਦੁ ਕਵਾਉ ॥
तूं जाणोई सभसै दे लैसहि जिंदु कवाउ ॥
हे प्रभु ! तू सबको जानने वाला है, अपनी इच्छा से ही तू जीवों को प्राण देता एवं प्राण लेता है।

ਕਰਿ ਆਸਣੁ ਡਿਠੋ ਚਾਉ ॥੧॥
करि आसणु डिठो चाउ ॥१॥
अपनी प्रकृति का चमत्कार तू उसी में आसन लगाकर चाव से देख रहा है॥ १॥

ਸਲੋਕੁ ਮਃ ੧ ॥
सलोकु मः १ ॥
श्लोक महला १॥

ਸਚੇ ਤੇਰੇ ਖੰਡ ਸਚੇ ਬ੍ਰਹਮੰਡ ॥
सचे तेरे खंड सचे ब्रहमंड ॥
हे प्रभु ! तेरी रचना के समस्त खंड-ब्रह्माण्ड सत्य हैं।

ਸਚੇ ਤੇਰੇ ਲੋਅ ਸਚੇ ਆਕਾਰ ॥
सचे तेरे लोअ सचे आकार ॥
तेरी रचना के चौदह लोक सत्य हैं और तेरी प्रकृति के आकार (सूर्य, चन्द्रमा, तारे) भी सत्य हैं।

ਸਚੇ ਤੇਰੇ ਕਰਣੇ ਸਰਬ ਬੀਚਾਰ ॥
सचे तेरे करणे सरब बीचार ॥
तेरे समस्त कार्य एवं सर्व विचार सत्य हैं।

ਸਚਾ ਤੇਰਾ ਅਮਰੁ ਸਚਾ ਦੀਬਾਣੁ ॥
सचा तेरा अमरु सचा दीबाणु ॥
तेरी आज्ञा और तेरा दरबार सत्य है।

ਸਚਾ ਤੇਰਾ ਹੁਕਮੁ ਸਚਾ ਫੁਰਮਾਣੁ ॥
सचा तेरा हुकमु सचा फुरमाणु ॥
तेरा आदेश और तेरा वचन सत्य है।

ਸਚਾ ਤੇਰਾ ਕਰਮੁ ਸਚਾ ਨੀਸਾਣੁ ॥
सचा तेरा करमु सचा नीसाणु ॥
हे प्रभु ! तेरा कर्म सत्य है और नाम रूपी परवाना भी सत्य है।

ਸਚੇ ਤੁਧੁ ਆਖਹਿ ਲਖ ਕਰੋੜਿ ॥
सचे तुधु आखहि लख करोड़ि ॥
लाखों-करोड़ों ही तुझे सत्य कहते हैं।

ਸਚੈ ਸਭਿ ਤਾਣਿ ਸਚੈ ਸਭਿ ਜੋਰਿ ॥
सचै सभि ताणि सचै सभि जोरि ॥
सत्य (प्रभु) में ही समस्त बल एवं समस्त शक्ति है।

ਸਚੀ ਤੇਰੀ ਸਿਫਤਿ ਸਚੀ ਸਾਲਾਹ ॥
सची तेरी सिफति सची सालाह ॥
तेरी महिमा और तेरी शोभा सत्य है।

ਸਚੀ ਤੇਰੀ ਕੁਦਰਤਿ ਸਚੇ ਪਾਤਿਸਾਹ ॥
सची तेरी कुदरति सचे पातिसाह ॥
हे सच्चे पातशाह ! तेरी यह कुदरत सत्य है।

ਨਾਨਕ ਸਚੁ ਧਿਆਇਨਿ ਸਚੁ ॥
नानक सचु धिआइनि सचु ॥
हे नानक ! जो परम सत्य प्रभु का ध्यान करते हैं, वे भी सत्य हैं।

ਜੋ ਮਰਿ ਜੰਮੇ ਸੁ ਕਚੁ ਨਿਕਚੁ ॥੧॥
जो मरि जमे सु कचु निकचु ॥१॥
लेकिन जो जीव जन्मते और मरते रहते हैं वे बिल्कुल कच्चे हैं।॥ १॥

ਮਃ ੧ ॥
मः १ ॥
महला १॥

ਵਡੀ ਵਡਿਆਈ ਜਾ ਵਡਾ ਨਾਉ ॥
वडी वडिआई जा वडा नाउ ॥
उस परमात्मा की महिमा बहुत बड़ी है, जिसका नाम सारे विश्व में बहुत बड़ा है।

ਵਡੀ ਵਡਿਆਈ ਜਾ ਸਚੁ ਨਿਆਉ ॥
वडी वडिआई जा सचु निआउ ॥
भगवान की उपमा बहुत बड़ी है, जिसका न्याय सत्य है।

ਵਡੀ ਵਡਿਆਈ ਜਾ ਨਿਹਚਲ ਥਾਉ ॥
वडी वडिआई जा निहचल थाउ ॥
उस मालिक की बड़ाई इसलिए भी बड़ी है, क्योंकि उसका आसन अटल है।

ਵਡੀ ਵਡਿਆਈ ਜਾਣੈ ਆਲਾਉ ॥
वडी वडिआई जाणै आलाउ ॥
उसकी महानता इसलिए भी बड़ी है क्योंकि वह अपने भक्तों की बात को जानता है।

ਵਡੀ ਵਡਿਆਈ ਬੁਝੈ ਸਭਿ ਭਾਉ ॥
वडी वडिआई बुझै सभि भाउ ॥
प्रभु का बड़प्पन इसलिए भी बड़ा है क्योंकि वह समस्त लोगों की प्रेम-भावना बूझ लेता है।

ਵਡੀ ਵਡਿਆਈ ਜਾ ਪੁਛਿ ਨ ਦਾਤਿ ॥
वडी वडिआई जा पुछि न दाति ॥
प्रभु की प्रशंसा बहुत बड़ी है क्योंकि वह किसी से परामर्श किए बिना अपनी देन प्रदान करता है।

ਵਡੀ ਵਡਿਆਈ ਜਾ ਆਪੇ ਆਪਿ ॥
वडी वडिआई जा आपे आपि ॥
उसकी बड़ाई इसलिए भी बड़ी है क्योंकि सब कुछ वह आप ही है।

ਨਾਨਕ ਕਾਰ ਨ ਕਥਨੀ ਜਾਇ ॥
नानक कार न कथनी जाइ ॥
हे नानक ! उस प्रभु के कार्यों की व्याख्या नहीं की जा सकती।

ਕੀਤਾ ਕਰਣਾ ਸਰਬ ਰਜਾਇ ॥੨॥
कीता करणा सरब रजाइ ॥२॥
जो कुछ परमात्मा ने किया है, कर रहा है अथवा जो कुछ करेगा सब उसकी अपनी इच्छा है॥२॥

ਮਹਲਾ ੨ ॥
महला २ ॥
महला २॥

ਇਹੁ ਜਗੁ ਸਚੈ ਕੀ ਹੈ ਕੋਠੜੀ ਸਚੇ ਕਾ ਵਿਚਿ ਵਾਸੁ ॥
इहु जगु सचै की है कोठड़ी सचे का विचि वासु ॥
यह जगत सच्चे प्रभु का घर है और उस परम सत्य का ही इसमें निवास है।

ਇਕਨ੍ਹਾ ਹੁਕਮਿ ਸਮਾਇ ਲਏ ਇਕਨ੍ਹਾ ਹੁਕਮੇ ਕਰੇ ਵਿਣਾਸੁ ॥
इकन्हा हुकमि समाइ लए इकन्हा हुकमे करे विणासु ॥
कुछ जीवों को वह अपनी आज्ञा द्वारा स्वयं में लीन कर लेता है और कई जीवों को अपनी आज्ञा द्वारा नाश कर देता है।

ਇਕਨ੍ਹਾ ਭਾਣੈ ਕਢਿ ਲਏ ਇਕਨ੍ਹਾ ਮਾਇਆ ਵਿਚਿ ਨਿਵਾਸੁ ॥
इकन्हा भाणै कढि लए इकन्हा माइआ विचि निवासु ॥
अपनी इच्छा से कुछ जीवों को वह माया से बाहर निकाल लेता है और कुछ लोगों का माया के जंजाल में निवास कर देता है।

ਏਵ ਭਿ ਆਖਿ ਨ ਜਾਪਈ ਜਿ ਕਿਸੈ ਆਣੇ ਰਾਸਿ ॥
एव भि आखि न जापई जि किसै आणे रासि ॥
यह भी कहा नहीं जा सकता कि वह किसे संवार देगा।

ਨਾਨਕ ਗੁਰਮੁਖਿ ਜਾਣੀਐ ਜਾ ਕਉ ਆਪਿ ਕਰੇ ਪਰਗਾਸੁ ॥੩॥
नानक गुरमुखि जाणीऐ जा कउ आपि करे परगासु ॥३॥
हे नानक ! यह भेद गुरु द्वारा ही जाना जाता है, जिसे परमात्मा स्वयं ज्ञान का प्रकाश देता है॥ ३॥

ਪਉੜੀ ॥
पउड़ी ॥
पउड़ी ॥

ਨਾਨਕ ਜੀਅ ਉਪਾਇ ਕੈ ਲਿਖਿ ਨਾਵੈ ਧਰਮੁ ਬਹਾਲਿਆ ॥
नानक जीअ उपाइ कै लिखि नावै धरमु बहालिआ ॥
हे नानक ! ईश्वर ने जीवों को उत्पन्न करके उनको कर्मो का लेखा-जोखा करने के लिए धर्मराज को नियुक्त किया है।

ਓਥੈ ਸਚੇ ਹੀ ਸਚਿ ਨਿਬੜੈ ਚੁਣਿ ਵਖਿ ਕਢੇ ਜਜਮਾਲਿਆ ॥
ओथै सचे ही सचि निबड़ै चुणि वखि कढे जजमालिआ ॥
वहाँ धर्मराज के समक्ष सत्यानुसार ही निर्णय होता है और दुष्ट पापियों को चुनकर अलग कर दिया जाता है।

ਥਾਉ ਨ ਪਾਇਨਿ ਕੂੜਿਆਰ ਮੁਹ ਕਾਲ੍ਹੈ ਦੋਜਕਿ ਚਾਲਿਆ ॥
थाउ न पाइनि कूड़िआर मुह काल्है दोजकि चालिआ ॥
झूठों को वहाँ स्थान नहीं मिलता और मुँह काला करके उन्हें नरक में धकेल दिया जाता है।

ਤੇਰੈ ਨਾਇ ਰਤੇ ਸੇ ਜਿਣਿ ਗਏ ਹਾਰਿ ਗਏ ਸਿ ਠਗਣ ਵਾਲਿਆ ॥
तेरै नाइ रते से जिणि गए हारि गए सि ठगण वालिआ ॥
हे प्रभु ! जो मनुष्य तेरे नाम में अनुरक्त हैं, वे जीत जाते हैं और जो ठग हैं वे हार जाते हैं।

ਲਿਖਿ ਨਾਵੈ ਧਰਮੁ ਬਹਾਲਿਆ ॥੨॥
लिखि नावै धरमु बहालिआ ॥२॥
प्रभु ने धर्मराज को जीवों के कर्मों का लेखा लिखने हेतु नियुक्त किया है।॥ २॥

ਸਲੋਕ ਮਃ ੧ ॥
सलोक मः १ ॥
श्लोक महला १॥

ਵਿਸਮਾਦੁ ਨਾਦ ਵਿਸਮਾਦੁ ਵੇਦ ॥
विसमादु नाद विसमादु वेद ॥
हे प्रभु ! तेरे पैदा किए हुए नाद एवं तेरे रचे हुए वेद आश्चर्यजनक हैं।

ਵਿਸਮਾਦੁ ਜੀਅ ਵਿਸਮਾਦੁ ਭੇਦ ॥
विसमादु जीअ विसमादु भेद ॥
तेरे पैदा किए हुए जीव एवं जीवों में पैदा किए भेद भी विचित्र हैं।

ਵਿਸਮਾਦੁ ਰੂਪ ਵਿਸਮਾਦੁ ਰੰਗ ॥
विसमादु रूप विसमादु रंग ॥
विभिन्न प्रकार के रूप एवं रंग बड़े अद्भुत हैं।

ਵਿਸਮਾਦੁ ਨਾਗੇ ਫਿਰਹਿ ਜੰਤ ॥
विसमादु नागे फिरहि जंत ॥
वे जीव जो सदैव नग्न ही घूमते हैं, उन सब को देखकर मैं बहुत आश्चर्यचकित हूँ।

ਵਿਸਮਾਦੁ ਪਉਣੁ ਵਿਸਮਾਦੁ ਪਾਣੀ ॥
विसमादु पउणु विसमादु पाणी ॥
पवन और जल भी विस्मय का कारण है।

ਵਿਸਮਾਦੁ ਅਗਨੀ ਖੇਡਹਿ ਵਿਡਾਣੀ ॥
विसमादु अगनी खेडहि विडाणी ॥
बहुत आश्चर्य है कि अनेक प्रकार की अग्नियाँ अद्भुत खेल खेलती हैं।

ਵਿਸਮਾਦੁ ਧਰਤੀ ਵਿਸਮਾਦੁ ਖਾਣੀ ॥
विसमादु धरती विसमादु खाणी ॥
धरती का अस्तित्व भी आश्चर्य का विषय है और जीवों की उत्पत्ति के चारों स्रोत भी विस्मित कर रहे हैं।

ਵਿਸਮਾਦੁ ਸਾਦਿ ਲਗਹਿ ਪਰਾਣੀ ॥
विसमादु सादि लगहि पराणी ॥
जीव जिन पदार्थों के स्वाद में लगे हुए हैं, ये भी विस्मयकारक हैं।

ਵਿਸਮਾਦੁ ਸੰਜੋਗੁ ਵਿਸਮਾਦੁ ਵਿਜੋਗੁ ॥
विसमादु संजोगु विसमादु विजोगु ॥
संयोग और वियोग भी विचित्र हैं।

ਵਿਸਮਾਦੁ ਭੁਖ ਵਿਸਮਾਦੁ ਭੋਗੁ ॥
विसमादु भुख विसमादु भोगु ॥
संसार की भूख एवं भोग-विलास भी आश्चर्यजनक है।

ਵਿਸਮਾਦੁ ਸਿਫਤਿ ਵਿਸਮਾਦੁ ਸਾਲਾਹ ॥
विसमादु सिफति विसमादु सालाह ॥
भगवान की महिमा-स्तुति भी आश्चर्यजनक है।

ਵਿਸਮਾਦੁ ਉਝੜ ਵਿਸਮਾਦੁ ਰਾਹ ॥
विसमादु उझड़ विसमादु राह ॥
मनुष्य का कुमार्गगामी होना और सन्मार्ग पर आ जाना भी विचित्र है।

ਵਿਸਮਾਦੁ ਨੇੜੈ ਵਿਸਮਾਦੁ ਦੂਰਿ ॥
विसमादु नेड़ै विसमादु दूरि ॥
यह एक बड़ा ही विस्मय का विषय है कि परमात्मा जीवों के पास भी है और उनसे दूर भी है।

ਵਿਸਮਾਦੁ ਦੇਖੈ ਹਾਜਰਾ ਹਜੂਰਿ ॥
विसमादु देखै हाजरा हजूरि ॥
वे भक्त अद्भुत हैं जो परमात्मा को अपने नेत्रों से प्रत्यक्ष देखते हैं।

ਵੇਖਿ ਵਿਡਾਣੁ ਰਹਿਆ ਵਿਸਮਾਦੁ ॥
वेखि विडाणु रहिआ विसमादु ॥
नानक का कथन है कि हे मालिक ! तेरी प्रकृति का अद्भुत विस्मय रूप देखकर मैं आश्चर्यचकित हो रहा हूँ।

ਨਾਨਕ ਬੁਝਣੁ ਪੂਰੈ ਭਾਗਿ ॥੧॥
नानक बुझणु पूरै भागि ॥१॥
तेरी प्रकृति के इस अद्भुत चमत्कार को पूर्ण भाग्यवान ही समझ सकता है। १॥

ਮਃ ੧ ॥
मः १ ॥
महला १॥

ਕੁਦਰਤਿ ਦਿਸੈ ਕੁਦਰਤਿ ਸੁਣੀਐ ਕੁਦਰਤਿ ਭਉ ਸੁਖ ਸਾਰੁ ॥
कुदरति दिसै कुदरति सुणीऐ कुदरति भउ सुख सारु ॥
जो कुछ दिखाई देता है और सुना जा रहा है, यह सब प्रकृति के अन्तर्गत ही है, प्रकृति के अनुसार ही भय एवं सुख का सार है।

ਕੁਦਰਤਿ ਪਾਤਾਲੀ ਆਕਾਸੀ ਕੁਦਰਤਿ ਸਰਬ ਆਕਾਰੁ ॥
कुदरति पाताली आकासी कुदरति सरब आकारु ॥
आकाश, पाताल में प्रकृति ही उपस्थित है और यह सारी सृष्टि रचना तेरी प्रकृति के अनुरूप ही है।

ਕੁਦਰਤਿ ਵੇਦ ਪੁਰਾਣ ਕਤੇਬਾ ਕੁਦਰਤਿ ਸਰਬ ਵੀਚਾਰੁ ॥
कुदरति वेद पुराण कतेबा कुदरति सरब वीचारु ॥
प्रकृति के द्वारा ही वेद, पुराण, शरीयत इत्यादि धार्मिक ग्रंथ हैं और प्रकृति अनुसार ही सर्व विचार हैं।

ਕੁਦਰਤਿ ਖਾਣਾ ਪੀਣਾ ਪੈਨ੍ਣੁ ਕੁਦਰਤਿ ਸਰਬ ਪਿਆਰੁ ॥
कुदरति खाणा पीणा पैन्हणु कुदरति सरब पिआरु ॥
प्रकृति के अनुसार ही खाना, पीना एवं पहनना है, प्रकृति के द्वारा ही सब ओर प्रेम-भावना है।

ਕੁਦਰਤਿ ਜਾਤੀ ਜਿਨਸੀ ਰੰਗੀ ਕੁਦਰਤਿ ਜੀਅ ਜਹਾਨ ॥
कुदरति जाती जिनसी रंगी कुदरति जीअ जहान ॥
प्रकृति के अनुसार ही जगत के जीवों में जातियाँ, रंग एवं प्रकार हैं।

ਕੁਦਰਤਿ ਨੇਕੀਆ ਕੁਦਰਤਿ ਬਦੀਆ ਕੁਦਰਤਿ ਮਾਨੁ ਅਭਿਮਾਨੁ ॥
कुदरति नेकीआ कुदरति बदीआ कुदरति मानु अभिमानु ॥
सृजनता के अनुसार ही अच्छाइयाँ एवं बुराइयाँ हैं, प्रकृति के अनुसार ही मान एवं अभिमान है।

ਕੁਦਰਤਿ ਪਉਣੁ ਪਾਣੀ ਬੈਸੰਤਰੁ ਕੁਦਰਤਿ ਧਰਤੀ ਖਾਕੁ ॥
कुदरति पउणु पाणी बैसंतरु कुदरति धरती खाकु ॥
प्रकृति अनुसार ही पवन, पानी एवं अग्नि है, प्रकृति अनुसार ही धरती एवं मिट्टी है।

ਸਭ ਤੇਰੀ ਕੁਦਰਤਿ ਤੂੰ ਕਾਦਿਰੁ ਕਰਤਾ ਪਾਕੀ ਨਾਈ ਪਾਕੁ ॥
सभ तेरी कुदरति तूं कादिरु करता पाकी नाई पाकु ॥
हे प्रभु! यह सब तेरी सृजनता है, तू अपनी सृजनता का स्वयं मालिक एवं रचयिता है और अपने पावन नाम के कारण तेरी बड़ी महिमा है।

ਨਾਨਕ ਹੁਕਮੈ ਅੰਦਰਿ ਵੇਖੈ ਵਰਤੈ ਤਾਕੋ ਤਾਕੁ ॥੨॥
नानक हुकमै अंदरि वेखै वरतै ताको ताकु ॥२॥
हे नानक ! प्रभु अपनी आज्ञा अनुसार अपनी सृष्टि को देखता एवं क्रियाशील है, वह सर्वव्यापक है एवं अपने विधान अनुसार ही सब कुछ करता है॥२॥

ਪਉੜੀ ॥
पउड़ी ॥
पउड़ी ॥

ਆਪੀਨ੍ਹੈ ਭੋਗ ਭੋਗਿ ਕੈ ਹੋਇ ਭਸਮੜਿ ਭਉਰੁ ਸਿਧਾਇਆ ॥
आपीन्है भोग भोगि कै होइ भसमड़ि भउरु सिधाइआ ॥
मनुष्य जगत में अपने भोग भोगकर मरणोपरांत यह शरीर मिट्टी में ही मिट्टी हो जाता है अर्थात् आत्मा चली जाती है।

ਵਡਾ ਹੋਆ ਦੁਨੀਦਾਰੁ ਗਲਿ ਸੰਗਲੁ ਘਤਿ ਚਲਾਇਆ ॥
वडा होआ दुनीदारु गलि संगलु घति चलाइआ ॥
जब मनुष्य दुनिया के धंधों में बड़ा मानकर चला जाता है तो उसकी गर्दन में जंजीर डाल दी जाती है और उसे आगे धकेल दिया जाता है।

ਅਗੈ ਕਰਣੀ ਕੀਰਤਿ ਵਾਚੀਐ ਬਹਿ ਲੇਖਾ ਕਰਿ ਸਮਝਾਇਆ ॥
अगै करणी कीरति वाचीऐ बहि लेखा करि समझाइआ ॥
वहाँ उसके कर्मों का विचार किया जाता है और उसे बिठा कर उसका लेखा समझाया जाता है।

ਥਾਉ ਨ ਹੋਵੀ ਪਉਦੀਈ ਹੁਣਿ ਸੁਣੀਐ ਕਿਆ ਰੂਆਇਆ ॥
थाउ न होवी पउदीई हुणि सुणीऐ किआ रूआइआ ॥
जब उसे दण्ड मिलता है तो उसे कोई स्थान नहीं मिलता, अब उसका रोना भी कौन सुनेगा ?

ਮਨਿ ਅੰਧੈ ਜਨਮੁ ਗਵਾਇਆ ॥੩॥
मनि अंधै जनमु गवाइआ ॥३॥
ज्ञानहीन मनुष्य ने अपना दुर्लभ जीवन व्यर्थ ही नष्ट कर लिया ॥ ३॥

ਸਲੋਕ ਮਃ ੧ ॥
सलोक मः १ ॥
श्लोक महला १॥

ਭੈ ਵਿਚਿ ਪਵਣੁ ਵਹੈ ਸਦਵਾਉ ॥
भै विचि पवणु वहै सदवाउ ॥
प्रभु के भय में अनेक प्रकार की पवन हमेशा चलती रहती है।

ਭੈ ਵਿਚਿ ਚਲਹਿ ਲਖ ਦਰੀਆਉ ॥
भै विचि चलहि लख दरीआउ ॥
परमात्मा के भय में ही लाखों दरिया बहते हैं।

ਭੈ ਵਿਚਿ ਅਗਨਿ ਕਢੈ ਵੇਗਾਰਿ ॥
भै विचि अगनि कढै वेगारि ॥
उसके भय में ही अग्नि अपना कार्य करती है।

ਭੈ ਵਿਚਿ ਧਰਤੀ ਦਬੀ ਭਾਰਿ ॥
भै विचि धरती दबी भारि ॥
भय में ही धरती भार के नीचे दबी रहती है।

ਭੈ ਵਿਚਿ ਇੰਦੁ ਫਿਰੈ ਸਿਰ ਭਾਰਿ ॥
भै विचि इंदु फिरै सिर भारि ॥
परमेश्वर के आदेश में ही इन्द्र बादल बनकर सिर पर बोझ लिए चलता फिरता है।

ਭੈ ਵਿਚਿ ਰਾਜਾ ਧਰਮ ਦੁਆਰੁ ॥
भै विचि राजा धरम दुआरु ॥
भय में ही धर्मराज उसके द्वार पर खड़ा है।

ਭੈ ਵਿਚਿ ਸੂਰਜੁ ਭੈ ਵਿਚਿ ਚੰਦੁ ॥
भै विचि सूरजु भै विचि चंदु ॥
प्रभु के भय में ही सूर्य एवं चंद्रमा सक्रिय हैं।

ਕੋਹ ਕਰੋੜੀ ਚਲਤ ਨ ਅੰਤੁ ॥
कोह करोड़ी चलत न अंतु ॥
करोड़ों कोस चलते रहने के पश्चात् भी उनकी यात्रा का कोई अन्त नहीं।

ਭੈ ਵਿਚਿ ਸਿਧ ਬੁਧ ਸੁਰ ਨਾਥ ॥
भै विचि सिध बुध सुर नाथ ॥
सिद्ध, बुद्ध, देवता एवं नाथ-योगी ईश्वर के भय में ही विचरण करते हैं।

ਭੈ ਵਿਚਿ ਆਡਾਣੇ ਆਕਾਸ ॥
भै विचि आडाणे आकास ॥
भय में ही आकाश चारों ओर फैला हुआ है।

ਭੈ ਵਿਚਿ ਜੋਧ ਮਹਾਬਲ ਸੂਰ ॥
भै विचि जोध महाबल सूर ॥
प्रभु के भय में ही बड़े-बड़े योद्धा, महाबली एवं शूरवीर क्रियाशील हैं

ਭੈ ਵਿਚਿ ਆਵਹਿ ਜਾਵਹਿ ਪੂਰ ॥
भै विचि आवहि जावहि पूर ॥
प्रभु के भय में ही झुण्ड के झुण्ड जन्मते-मरते रहते हैं।

ਸਗਲਿਆ ਭਉ ਲਿਖਿਆ ਸਿਰਿ ਲੇਖੁ ॥
सगलिआ भउ लिखिआ सिरि लेखु ॥
प्रभु ने अपने भय में ही सबका भाग्य निश्चित कर रखा है।

ਨਾਨਕ ਨਿਰਭਉ ਨਿਰੰਕਾਰੁ ਸਚੁ ਏਕੁ ॥੧॥
नानक निरभउ निरंकारु सचु एकु ॥१॥
हे नानक ! एक सत्यस्वरूप निरंकार परमात्मा ही निर्भय है॥ १॥

ਮਃ ੧ ॥
मः १ ॥
महला १॥

ਨਾਨਕ ਨਿਰਭਉ ਨਿਰੰਕਾਰੁ ਹੋਰਿ ਕੇਤੇ ਰਾਮ ਰਵਾਲ ॥
नानक निरभउ निरंकारु होरि केते राम रवाल ॥
हे नानक ! एक निरंकार प्रभु ही निडर है, अन्य तो राम जैसे कितने ही उसके चरणों की धूल हैं।

ਕੇਤੀਆ ਕੰਨ੍ ਕਹਾਣੀਆ ਕੇਤੇ ਬੇਦ ਬੀਚਾਰ ॥
केतीआ कंन्ह कहाणीआ केते बेद बीचार ॥
कृष्ण-कन्हैया की लीला की अनेक कहानियाँ दुनिया में प्रचलित हैं और कितने ही पण्डित वेदों का उच्चारण करने वाले हैं।

ਕੇਤੇ ਨਚਹਿ ਮੰਗਤੇ ਗਿੜਿ ਮੁੜਿ ਪੂਰਹਿ ਤਾਲ ॥
केते नचहि मंगते गिड़ि मुड़ि पूरहि ताल ॥
अनेक भिखारी नाचने वाले हैं और बार-बार ताल पर झूमते हैं।

ਬਾਜਾਰੀ ਬਾਜਾਰ ਮਹਿ ਆਇ ਕਢਹਿ ਬਾਜਾਰ ॥
बाजारी बाजार महि आइ कढहि बाजार ॥
रासधारी बाजार में आते हैं और झूठी रास दिखाते हैं।

ਗਾਵਹਿ ਰਾਜੇ ਰਾਣੀਆ ਬੋਲਹਿ ਆਲ ਪਤਾਲ ॥
गावहि राजे राणीआ बोलहि आल पताल ॥
वे राजे-रानियाँ बनकर गाते हैं और उल्ट-पुल्ट बोलते हैं।

ਲਖ ਟਕਿਆ ਕੇ ਮੁੰਦੜੇ ਲਖ ਟਕਿਆ ਕੇ ਹਾਰ ॥
लख टकिआ के मुंदड़े लख टकिआ के हार ॥
वे लाखों रुपए के कानों के कुण्डल एवं लाखों रुपए के हार पहनते हैं।

ਜਿਤੁ ਤਨਿ ਪਾਈਅਹਿ ਨਾਨਕਾ ਸੇ ਤਨ ਹੋਵਹਿ ਛਾਰ ॥
जितु तनि पाईअहि नानका से तन होवहि छार ॥
हे नानक ! जिन शरीरों पर वे आभूषण पहनते हैं, वह शरीर तो राख बन जाते हैं।

ਗਿਆਨੁ ਨ ਗਲੀਈ ਢੂਢੀਐ ਕਥਨਾ ਕਰੜਾ ਸਾਰੁ ॥
गिआनु न गलीई ढूढीऐ कथना करड़ा सारु ॥
ज्ञान की प्राप्ति केवल बातों से नहीं होती, इसका कथन करना लोहे की भाँति कठिन है।

ਕਰਮਿ ਮਿਲੈ ਤਾ ਪਾਈਐ ਹੋਰ ਹਿਕਮਤਿ ਹੁਕਮੁ ਖੁਆਰੁ ॥੨॥
करमि मिलै ता पाईऐ होर हिकमति हुकमु खुआरु ॥२॥
यदि भगवान की कृपा हो जाए तो ही ज्ञान प्राप्त होता है, अन्य चतुराई एवं छल-कपट तो नाश करने वाले हैं।॥ २॥

ਪਉੜੀ ॥
पउड़ी ॥
पउड़ी॥

ਨਦਰਿ ਕਰਹਿ ਜੇ ਆਪਣੀ ਤਾ ਨਦਰੀ ਸਤਿਗੁਰੁ ਪਾਇਆ ॥
नदरि करहि जे आपणी ता नदरी सतिगुरु पाइआ ॥
यदि दयालु प्रभु करुणा-दृष्टि धारण करे तो उसकी कृपा से सच्चे गुरु की प्राप्ति होती है।

ਏਹੁ ਜੀਉ ਬਹੁਤੇ ਜਨਮ ਭਰੰਮਿਆ ਤਾ ਸਤਿਗੁਰਿ ਸਬਦੁ ਸੁਣਾਇਆ ॥
एहु जीउ बहुते जनम भरमिआ ता सतिगुरि सबदु सुणाइआ ॥
यह जीवात्मा अनेक जन्मों में भटकती रही, परन्तु सतगुरु की शरण में आने से उसे सतगुरु ने शब्द का भेद सुनाया।

ਸਤਿਗੁਰ ਜੇਵਡੁ ਦਾਤਾ ਕੋ ਨਹੀ ਸਭਿ ਸੁਣਿਅਹੁ ਲੋਕ ਸਬਾਇਆ ॥
सतिगुर जेवडु दाता को नही सभि सुणिअहु लोक सबाइआ ॥
हे संसार के सब लोगो ! ध्यान से सुनो, सतगुरु जैसा बड़ा कोई दाता नहीं।

ਸਤਿਗੁਰਿ ਮਿਲਿਐ ਸਚੁ ਪਾਇਆ ਜਿਨ੍ੀ ਵਿਚਹੁ ਆਪੁ ਗਵਾਇਆ ॥
सतिगुरि मिलिऐ सचु पाइआ जिन्ही विचहु आपु गवाइआ ॥
जो मनुष्य अपने मन से अहंत्व मिटा देता है उसे सतगुरु मिलता है और सच्चे गुरु के माध्यम से सत्य की प्राप्ति होती है।

ਜਿਨਿ ਸਚੋ ਸਚੁ ਬੁਝਾਇਆ ॥੪॥
जिनि सचो सचु बुझाइआ ॥४॥
सच्चा गुरु ही सत्य के रहस्य को समझाता है॥ ४॥

ਸਲੋਕ ਮਃ ੧ ॥
सलोक मः १ ॥
श्लोक महला १ ॥

ਘੜੀਆ ਸਭੇ ਗੋਪੀਆ ਪਹਰ ਕੰਨ੍ ਗੋਪਾਲ ॥
घड़ीआ सभे गोपीआ पहर कंन्ह गोपाल ॥
"(जैसे रासधारी रास करते हैं, वैसे ही परमात्मा की भी रासलीला हो रही है।) इस रासलीला में घड़ियों नृत्य करने वाली गोपियाँ हैं और सारे प्रहर कान्हा-गोपाल है।

ਗਹਣੇ ਪਉਣੁ ਪਾਣੀ ਬੈਸੰਤਰੁ ਚੰਦੁ ਸੂਰਜੁ ਅਵਤਾਰ ॥
गहणे पउणु पाणी बैसंतरु चंदु सूरजु अवतार ॥
पवन, पानी एवं अग्नि इस रास लीला के पात्रों के आभूषण हैं और सूर्य एवं चाँद स्वांग धारण करने वाले नट हैं।

ਸਗਲੀ ਧਰਤੀ ਮਾਲੁ ਧਨੁ ਵਰਤਣਿ ਸਰਬ ਜੰਜਾਲ ॥
सगली धरती मालु धनु वरतणि सरब जंजाल ॥
संपूर्ण पृथ्वी आवश्यक संसाधन प्रदान करती है, और समस्त सृष्टि की उलझनें इस नाटक के मंचन के लिए आवश्यक आपूर्ति है।

ਨਾਨਕ ਮੁਸੈ ਗਿਆਨ ਵਿਹੂਣੀ ਖਾਇ ਗਇਆ ਜਮਕਾਲੁ ॥੧॥
नानक मुसै गिआन विहूणी खाइ गइआ जमकालु ॥१॥
हे नानक ! ज्ञान से विहीन दुनिया इस नाटक में लुट जाती है और यमदूत उसे अपना ग्रास बना लेता है॥ १॥

ਮਃ ੧ ॥
मः १ ॥
महला १॥

ਵਾਇਨਿ ਚੇਲੇ ਨਚਨਿ ਗੁਰ ॥
वाइनि चेले नचनि गुर ॥
(समाज की अद्भुत विडम्बना है कि) चेले ताल बजाते हैं और उनके गुरु नाचते हैं।

ਪੈਰ ਹਲਾਇਨਿ ਫੇਰਨ੍ਹਿ ਸਿਰ ॥
पैर हलाइनि फेरन्हि सिर ॥
वह घुँघरू बांधकर अपने पैर हिलाते हैं और मस्त होकर अपना सिर घुमाते हैं।

ਉਡਿ ਉਡਿ ਰਾਵਾ ਝਾਟੈ ਪਾਇ ॥
उडि उडि रावा झाटै पाइ ॥
उनके सिर के बालों पर उड़-उड़कर धूल पड़ती है।

ਵੇਖੈ ਲੋਕੁ ਹਸੈ ਘਰਿ ਜਾਇ ॥
वेखै लोकु हसै घरि जाइ ॥
यह तमाशा देखकर लोग हँसते हैं और घर को चले जाते हैं।

ਰੋਟੀਆ ਕਾਰਣਿ ਪੂਰਹਿ ਤਾਲ ॥
रोटीआ कारणि पूरहि ताल ॥
रोटी के कारण वे ताल मिलाते हैं

ਆਪੁ ਪਛਾੜਹਿ ਧਰਤੀ ਨਾਲਿ ॥
आपु पछाड़हि धरती नालि ॥
वह अपने आपको धरती पर पछाड़ते हैं।

ਗਾਵਨਿ ਗੋਪੀਆ ਗਾਵਨਿ ਕਾਨ੍ ॥
गावनि गोपीआ गावनि कान्ह ॥
गोपियां एवं कान्हा बनकर गाते हैं।

ਗਾਵਨਿ ਸੀਤਾ ਰਾਜੇ ਰਾਮ ॥
गावनि सीता राजे राम ॥
सीता, राजा राम बनकर गाते हैं।

ਨਿਰਭਉ ਨਿਰੰਕਾਰੁ ਸਚੁ ਨਾਮੁ ॥
निरभउ निरंकारु सचु नामु ॥
किन्तु निर्भय, निरंकार प्रभु का ही नाम सत्य है

ਜਾ ਕਾ ਕੀਆ ਸਗਲ ਜਹਾਨੁ ॥
जा का कीआ सगल जहानु ॥
जिसने समूची सृष्टि की रचना की है।

ਸੇਵਕ ਸੇਵਹਿ ਕਰਮਿ ਚੜ੍ਹਾਉ ॥
सेवक सेवहि करमि चड़ाउ ॥
जिन सेवकों का भाग्य उदय होता है, वे प्रभु की सेवा करते हैं।

ਭਿੰਨੀ ਰੈਣਿ ਜਿਨ੍ਹ ਮਨਿ ਚਾਉ ॥
भिंनी रैणि जिन्हा मनि चाउ ॥
जिनके मन में प्रभु प्रेम की चाह है उनकी रात्रि सुहावनी हो जाती है।

ਸਿਖੀ ਸਿਖਿਆ ਗੁਰ ਵੀਚਾਰਿ ॥
सिखी सिखिआ गुर वीचारि ॥
जिन्होंने गुरु विचारधारा द्वारा यह शिक्षा सीख ली है,

ਨਦਰੀ ਕਰਮਿ ਲਘਾਏ ਪਾਰਿ ॥
नदरी करमि लघाए पारि ॥
दयालु स्वामी अपनी कृपा-दृष्टि से ही उन्हें मुक्ति प्रदान कर देता है।

ਕੋਲੂ ਚਰਖਾ ਚਕੀ ਚਕੁ ॥
कोलू चरखा चकी चकु ॥
अनेकों ही कोल्हू, चरखा, चक्कियों एवं चाक हैं।

ਥਲ ਵਾਰੋਲੇ ਬਹੁਤੁ ਅਨੰਤੁ ॥
थल वारोले बहुतु अनंतु ॥
मरूस्थल के बवन्डर भी अनन्त हैं।

ਲਾਟੂ ਮਾਧਾਣੀਆ ਅਨਗਾਹ ॥
लाटू माधाणीआ अनगाह ॥
अनेकों ही लट्टू, मधानियाँ एवं अन्न निकालने के यन्त्र हैं।

ਪੰਖੀ ਭਉਦੀਆ ਲੈਨਿ ਨ ਸਾਹ ॥
पंखी भउदीआ लैनि न साह ॥
पक्षी घूमते हुए दम नहीं लेते।

ਸੂਐ ਚਾੜਿ ਭਵਾਈਅਹਿ ਜੰਤ ॥
सूऐ चाड़ि भवाईअहि जंत ॥
कई यंत्र लोहे के शूल पर चढ़ाकर घुमाए जाते हैं।

ਨਾਨਕ ਭਉਦਿਆ ਗਣਤ ਨ ਅੰਤ ॥
नानक भउदिआ गणत न अंत ॥
हे नानक ! घूमने वाले एवं यंत्रों की गणना का कोई अन्त नहीं।

ਬੰਧਨ ਬੰਧਿ ਭਵਾਏ ਸੋਇ ॥
बंधन बंधि भवाए सोइ ॥
जो प्राणी माया के बन्धनों में फंस जाते हैं, उन्हें धर्मराज ऐसे ही कर्मों के अनुसार घुमाता है।

ਪਇਐ ਕਿਰਤਿ ਨਚੈ ਸਭੁ ਕੋਇ ॥
पइऐ किरति नचै सभु कोइ ॥
अपने किए कर्मो अनुसार ही प्रत्येक जीव नृत्य करता है।

ਨਚਿ ਨਚਿ ਹਸਹਿ ਚਲਹਿ ਸੇ ਰੋਇ ॥
नचि नचि हसहि चलहि से रोइ ॥
जगत की मोहिनी में फँसकर जो नाच-नाचकर हँसता है वह मृत्यु के समय रोता है।

ਉਡਿ ਨ ਜਾਹੀ ਸਿਧ ਨ ਹੋਹਿ ॥
उडि न जाही सिध न होहि ॥
वे उड़कर भी बच नहीं सका और न ही कोई सिद्धि हासिल कर सकता है।

ਨਚਣੁ ਕੁਦਣੁ ਮਨ ਕਾ ਚਾਉ ॥
नचणु कुदणु मन का चाउ ॥
नाचना एवं कूदना मन की चाह है।

ਨਾਨਕ ਜਿਨ੍ ਮਨਿ ਭਉ ਤਿਨ੍ਾ ਮਨਿ ਭਾਉ ॥੨॥
नानक जिन्ह मनि भउ तिन्हा मनि भाउ ॥२॥
हे नानक ! जिनके हृदय में प्रभु का भय विद्यमान है, उनके हृदय में ही उसका प्रेम है ॥ २ ॥

ਪਉੜੀ ॥
पउड़ी ॥
पउड़ी ॥

ਨਾਉ ਤੇਰਾ ਨਿਰੰਕਾਰੁ ਹੈ ਨਾਇ ਲਇਐ ਨਰਕਿ ਨ ਜਾਈਐ ॥
नाउ तेरा निरंकारु है नाइ लइऐ नरकि न जाईऐ ॥
हे प्रभु ! तेरा नाम निरंकार है और तेरा नाम याद करने रो मनुष्य नरक में नहीं जाता।

ਜੀਉ ਪਿੰਡੁ ਸਭੁ ਤਿਸ ਦਾ ਦੇ ਖਾਜੈ ਆਖਿ ਗਵਾਈਐ ॥
जीउ पिंडु सभु तिस दा दे खाजै आखि गवाईऐ ॥
प्राण एवं तन उस प्रभु के दिए हुए हैं, जो कुछ वह देता है, जीव वही कुछ खाता है। अन्य कुछ कहना निरर्थक है।

ਜੇ ਲੋੜਹਿ ਚੰਗਾ ਆਪਣਾ ਕਰਿ ਪੁੰਨਹੁ ਨੀਚੁ ਸਦਾਈਐ ॥
जे लोड़हि चंगा आपणा करि पुंनहु नीचु सदाईऐ ॥
हे प्राणी ! यदि तू अपना भला चाहता है तो पुण्य कर्म कर और नीच (विनीत) कहलवा अर्थात् विनीत रहना चाहिए।

ਜੇ ਜਰਵਾਣਾ ਪਰਹਰੈ ਜਰੁ ਵੇਸ ਕਰੇਦੀ ਆਈਐ ॥
जे जरवाणा परहरै जरु वेस करेदी आईऐ ॥
यदि कोई जोरावर इन्सान बुढ़ापे को दूर रखना चाहे तो भी बुढ़ापा अपना वेष धारण करके आ ही जाता है।

ਕੋ ਰਹੈ ਨ ਭਰੀਐ ਪਾਈਐ ॥੫॥
को रहै न भरीऐ पाईऐ ॥५॥
जब मनुष्य के जीवन की घड़ियाँ पूरी हो जाती हैं तो दुनिया में कोई नहीं रह सकता अर्थात् आयु पूर्ण होने के बाद मृत्यु ही प्राप्त होती है।॥ ५॥

ਸਲੋਕ ਮਃ ੧ ॥
सलोक मः १ ॥
श्लोक महला १॥

ਮੁਸਲਮਾਨਾ ਸਿਫਤਿ ਸਰੀਅਤਿ ਪੜਿ ਪੜਿ ਕਰਹਿ ਬੀਚਾਰੁ ॥
मुसलमाना सिफति सरीअति पड़ि पड़ि करहि बीचारु ॥
मुसलमानों को शरीअत की प्रशंसा सबसे अच्छी लगती है और वे उसे पढ़-पढ़कर विचार करते हैं (अर्थात् शरीअत को ऊँचा मानते हुए उसे ही कानून समझते हैं)।

ਬੰਦੇ ਸੇ ਜਿ ਪਵਹਿ ਵਿਚਿ ਬੰਦੀ ਵੇਖਣ ਕਉ ਦੀਦਾਰੁ ॥
बंदे से जि पवहि विचि बंदी वेखण कउ दीदारु ॥
मुसलमानों का यही मानना है कि खुदा का प्यारा बन्दा वही है जो अल्लाह के दर्शन-दीदार करने हेतु शरीअत की बन्दिश में पड़ता है।

ਹਿੰਦੂ ਸਾਲਾਹੀ ਸਾਲਾਹਨਿ ਦਰਸਨਿ ਰੂਪਿ ਅਪਾਰੁ ॥
हिंदू सालाही सालाहनि दरसनि रूपि अपारु ॥
हिन्दू शास्त्र द्वारा प्रशंसनीय भगवान की स्तुति करते हैं, जिसका रूप बेअंत सुन्दर है।

ਤੀਰਥਿ ਨਾਵਹਿ ਅਰਚਾ ਪੂਜਾ ਅਗਰ ਵਾਸੁ ਬਹਕਾਰੁ ॥
तीरथि नावहि अरचा पूजा अगर वासु बहकारु ॥
वे तीर्थ-स्थानों पर स्नान करते, देवताओं की मूर्तियों की पूजा-अर्चना करते हैं और चन्दन की सुगन्धि का प्रयोग करते हैं।

ਜੋਗੀ ਸੁੰਨਿ ਧਿਆਵਨ੍ਹਿ ਜੇਤੇ ਅਲਖ ਨਾਮੁ ਕਰਤਾਰੁ ॥
जोगी सुंनि धिआवन्हि जेते अलख नामु करतारु ॥
योगी समाधि लगाकर निर्गुण प्रभु का ध्यान करते हैं और करतार को 'अलख' नाम से पुकारते हैं।

ਸੂਖਮ ਮੂਰਤਿ ਨਾਮੁ ਨਿਰੰਜਨ ਕਾਇਆ ਕਾ ਆਕਾਰੁ ॥
सूखम मूरति नामु निरंजन काइआ का आकारु ॥
अलक्ष्य प्रभु का रूप सूक्ष्म है, उसका नाम निरंजन है और यह दुनिया ही उसका शरीर है।

ਸਤੀਆ ਮਨਿ ਸੰਤੋਖੁ ਉਪਜੈ ਦੇਣੈ ਕੈ ਵੀਚਾਰਿ ॥
सतीआ मनि संतोखु उपजै देणै कै वीचारि ॥
दानी के मन में संतोष उत्पन्न होता है और वह दान देने के बारे में विचार करते हैं।

ਦੇ ਦੇ ਮੰਗਹਿ ਸਹਸਾ ਗੂਣਾ ਸੋਭ ਕਰੇ ਸੰਸਾਰੁ ॥
दे दे मंगहि सहसा गूणा सोभ करे संसारु ॥
परन्तु दिए दान के फलस्वरूप हज़ारों गुणा माँगता है और अभिलाषा करता है कि संसार उसकी शोभा करता रहे।

ਚੋਰਾ ਜਾਰਾ ਤੈ ਕੂੜਿਆਰਾ ਖਾਰਾਬਾ ਵੇਕਾਰ ॥
चोरा जारा तै कूड़िआरा खाराबा वेकार ॥
चोर, व्यभिचारी तथा झूठे आचरण वाले पापी विकारी ऐसे लोग भी हैं,

ਇਕਿ ਹੋਦਾ ਖਾਇ ਚਲਹਿ ਐਥਾਊ ਤਿਨਾ ਭਿ ਕਾਈ ਕਾਰ ॥
इकि होदा खाइ चलहि ऐथाऊ तिना भि काई कार ॥
जो कुछ उनके पास था, कर्म-फल भोगकर यहाँ से खाली ही चले जाते हैं। क्या उन्होंने कोई शुभ-कर्म किया ?"

ਜਲਿ ਥਲਿ ਜੀਆ ਪੁਰੀਆ ਲੋਆ ਆਕਾਰਾ ਆਕਾਰ ॥
जलि थलि जीआ पुरीआ लोआ आकारा आकार ॥
विभिन्न प्रकार के संसार में और आकाशगंगाओं में, पानी और धरा पर रहने वाले कई प्रकार के जीव हैं।

ਓਇ ਜਿ ਆਖਹਿ ਸੁ ਤੂੰਹੈ ਜਾਣਹਿ ਤਿਨਾ ਭਿ ਤੇਰੀ ਸਾਰ ॥
ओइ जि आखहि सु तूंहै जाणहि तिना भि तेरी सार ॥
हे प्रभु ! यह जीव जो कुछ कहते हैं, तू उन्हें जानता है। तू ही उनका भरण-पोषण करता है।

ਨਾਨਕ ਭਗਤਾ ਭੁਖ ਸਾਲਾਹਣੁ ਸਚੁ ਨਾਮੁ ਆਧਾਰੁ ॥
नानक भगता भुख सालाहणु सचु नामु आधारु ॥
हे नानक ! भक्तों को परमात्मा की महिमा-स्तुति करने की भूख लगी रहती है और उसका सत्य नाम ही उनका आधार है।

ਸਦਾ ਅਨੰਦਿ ਰਹਹਿ ਦਿਨੁ ਰਾਤੀ ਗੁਣਵੰਤਿਆ ਪਾ ਛਾਰੁ ॥੧॥
सदा अनंदि रहहि दिनु राती गुणवंतिआ पा छारु ॥१॥
वे गुणवान पवित्र-पुरुषों के चरणों की धूल बनकर रात-दिन सदा आनंद में रहते हैं।॥ १॥

ਮਃ ੧ ॥
मः १ ॥
महला १ ॥

ਮਿਟੀ ਮੁਸਲਮਾਨ ਕੀ ਪੇੜੈ ਪਈ ਕੁਮ੍ਹਿਆਰ ॥
मिटी मुसलमान की पेड़ै पई कुम्हिआर ॥
मुसलमान जब मरता है तो उसे दफ़नाया जाता है और उसका शरीर मिट्टी बन जाता है लेकिन जब वह मिट्टी कुम्हार के पास आती है तो

ਘੜਿ ਭਾਂਡੇ ਇਟਾ ਕੀਆ ਜਲਦੀ ਕਰੇ ਪੁਕਾਰ ॥
घड़ि भांडे इटा कीआ जलदी करे पुकार ॥
वह इससे बर्तन एवं ईंटें बनाता है, यह जलती हुई मिट्टी चीखती-चिल्लाती है।

ਜਲਿ ਜਲਿ ਰੋਵੈ ਬਪੁੜੀ ਝੜਿ ਝੜਿ ਪਵਹਿ ਅੰਗਿਆਰ ॥
जलि जलि रोवै बपुड़ी झड़ि झड़ि पवहि अंगिआर ॥
बेचारी मिट्टी जल-जलकर रोती है और जलते हुए अंगारे उस पर गिरते हैं।

ਨਾਨਕ ਜਿਨਿ ਕਰਤੈ ਕਾਰਣੁ ਕੀਆ ਸੋ ਜਾਣੈ ਕਰਤਾਰੁ ॥੨॥
नानक जिनि करतै कारणु कीआ सो जाणै करतारु ॥२॥
गुरु नानक देव जी कहते हैं कि जिस कर्ता प्रभु ने यह संसार बनाया है, वही इसका भेद जानता है कि जलाना भला है अथवा दफ़्न करना ॥ २ ॥

ਪਉੜੀ ॥
पउड़ी ॥
पउड़ी॥

ਬਿਨੁ ਸਤਿਗੁਰ ਕਿਨੈ ਨ ਪਾਇਓ ਬਿਨੁ ਸਤਿਗੁਰ ਕਿਨੈ ਨ ਪਾਇਆ ॥
बिनु सतिगुर किनै न पाइओ बिनु सतिगुर किनै न पाइआ ॥
सच्चे गुरु के बिना किसी भी मनुष्य को प्रभु प्राप्त नहीं हुआ और ना कभी होगा क्योंकि

ਸਤਿਗੁਰ ਵਿਚਿ ਆਪੁ ਰਖਿਓਨੁ ਕਰਿ ਪਰਗਟੁ ਆਖਿ ਸੁਣਾਇਆ ॥
सतिगुर विचि आपु रखिओनु करि परगटु आखि सुणाइआ ॥
सतगुरु के अन्तर्मन में प्रभु ने स्वयं को रखा हुआ है तथा स्वयं को प्रकट करते हुए, वह इसे समक्ष रूप से घोषित करता है।

ਸਤਿਗੁਰ ਮਿਲਿਐ ਸਦਾ ਮੁਕਤੁ ਹੈ ਜਿਨਿ ਵਿਚਹੁ ਮੋਹੁ ਚੁਕਾਇਆ ॥
सतिगुर मिलिऐ सदा मुकतु है जिनि विचहु मोहु चुकाइआ ॥
जिन्होंने अपने अन्तर से सांसारिक मोह को मिटा दिया है, वे सतगुरु से मिलकर मुक्त हो गए हैं।

ਉਤਮੁ ਏਹੁ ਬੀਚਾਰੁ ਹੈ ਜਿਨਿ ਸਚੇ ਸਿਉ ਚਿਤੁ ਲਾਇਆ ॥ ਜਗਜੀਵਨੁ ਦਾਤਾ ਪਾਇਆ ॥੬॥
उतमु एहु बीचारु है जिनि सचे सिउ चितु लाइआ ॥ जगजीवनु दाता पाइआ ॥६॥
उत्तम विचार यही है केि जिसने अपना चित्त सत्य से लगा लिया है, उसने जगत का जीवनदाता प्रभु पा लिया है॥ ६॥

ਸਲੋਕ ਮਃ ੧ ॥
सलोक मः १ ॥
श्लोक महला १॥

ਹਉ ਵਿਚਿ ਆਇਆ ਹਉ ਵਿਚਿ ਗਇਆ ॥
हउ विचि आइआ हउ विचि गइआ ॥
मनुष्य अहंकार में जगत में आया है और अहंकार में ही जगत से चला गया है।

ਹਉ ਵਿਚਿ ਜੰਮਿਆ ਹਉ ਵਿਚਿ ਮੁਆ ॥
हउ विचि जमिआ हउ विचि मुआ ॥
उसने अहंकार में जन्म लिया था और अहंकार में ही मर गया है।

ਹਉ ਵਿਚਿ ਦਿਤਾ ਹਉ ਵਿਚਿ ਲਇਆ ॥
हउ विचि दिता हउ विचि लइआ ॥
अहंकार में ही उसने किसी को कुछ दिया था और अहंकार में ही किसी से कुछ लिया था।

ਹਉ ਵਿਚਿ ਖਟਿਆ ਹਉ ਵਿਚਿ ਗਇਆ ॥
हउ विचि खटिआ हउ विचि गइआ ॥
अहंकार में ही मनुष्य ने धन कमाया था और अहंकारवश ही वह खो गया था।

ਹਉ ਵਿਚਿ ਸਚਿਆਰੁ ਕੂੜਿਆਰੁ ॥
हउ विचि सचिआरु कूड़िआरु ॥
अहंकारवश ही वह सत्यवादी और झूठा बन जाता है।

ਹਉ ਵਿਚਿ ਪਾਪ ਪੁੰਨ ਵੀਚਾਰੁ ॥
हउ विचि पाप पुंन वीचारु ॥
अहंकार में ही वह पाप एवं पुण्य का विचार करता है।

ਹਉ ਵਿਚਿ ਨਰਕਿ ਸੁਰਗਿ ਅਵਤਾਰੁ ॥
हउ विचि नरकि सुरगि अवतारु ॥
अहंकार में ही मनुष्य नरक अथवा स्वर्ग में जन्म लेता है।

ਹਉ ਵਿਚਿ ਹਸੈ ਹਉ ਵਿਚਿ ਰੋਵੈ ॥
हउ विचि हसै हउ विचि रोवै ॥
अहंकार में ही वह कभी हँसता है और अहंकारवश ही वह कभी रोता है।

ਹਉ ਵਿਚਿ ਭਰੀਐ ਹਉ ਵਿਚਿ ਧੋਵੈ ॥
हउ विचि भरीऐ हउ विचि धोवै ॥
अहंत्व में उसकी मति पापों से भर जाती है और अहंत्व में ही अपने पापों को तीर्थ-स्नान द्वारा शुद्ध करता फिरता है।

ਹਉ ਵਿਚਿ ਜਾਤੀ ਜਿਨਸੀ ਖੋਵੈ ॥
हउ विचि जाती जिनसी खोवै ॥
वह अहंत्व में अपनी जाति-पाति भी खो देता है।

ਹਉ ਵਿਚਿ ਮੂਰਖੁ ਹਉ ਵਿਚਿ ਸਿਆਣਾ ॥
हउ विचि मूरखु हउ विचि सिआणा ॥
अहंकार में ही मनुष्य मूर्ख एवं बुद्धिमान बनता है।

ਮੋਖ ਮੁਕਤਿ ਕੀ ਸਾਰ ਨ ਜਾਣਾ ॥
मोख मुकति की सार न जाणा ॥
लेकिन वह मोक्ष एवं मुक्ति के सार (रहस्य) को नहीं जानता।

ਹਉ ਵਿਚਿ ਮਾਇਆ ਹਉ ਵਿਚਿ ਛਾਇਆ ॥
हउ विचि माइआ हउ विचि छाइआ ॥
वह अभिमान में ही माया को सत्य समझता है और अभिमान में ही इसे पेड़ की छाया की तरह झूठी समझता है।

ਹਉਮੈ ਕਰਿ ਕਰਿ ਜੰਤ ਉਪਾਇਆ ॥
हउमै करि करि जंत उपाइआ ॥
अहंकारवश ही प्राणी बार-बार योनियों में जन्म लेता है।

ਹਉਮੈ ਬੂਝੈ ਤਾ ਦਰੁ ਸੂਝੈ ॥
हउमै बूझै ता दरु सूझै ॥
यदि अहंकार दूर हो जाए तभी प्रभु का द्वार सूझता है।

ਗਿਆਨ ਵਿਹੂਣਾ ਕਥਿ ਕਥਿ ਲੂਝੈ ॥
गिआन विहूणा कथि कथि लूझै ॥
अन्यथा ज्ञान-विहीन मनुष्य वाद-विवादों में ही उलझा रहता है।

ਨਾਨਕ ਹੁਕਮੀ ਲਿਖੀਐ ਲੇਖੁ ॥
नानक हुकमी लिखीऐ लेखु ॥
हे नानक ! प्रभु की आज्ञानुसार मनुष्य की किस्मत का लेख लिखा जाता है।

ਜੇਹਾ ਵੇਖਹਿ ਤੇਹਾ ਵੇਖੁ ॥੧॥
जेहा वेखहि तेहा वेखु ॥१॥
मनुष्य जैसी विचारधारा रखता है, वैसा ही सत्य को मानने लगता है॥ १ ॥

ਮਹਲਾ ੨ ॥
महला २ ॥
महला २॥

ਹਉਮੈ ਏਹਾ ਜਾਤਿ ਹੈ ਹਉਮੈ ਕਰਮ ਕਮਾਹਿ ॥
हउमै एहा जाति है हउमै करम कमाहि ॥
अहंकार का यह स्वभाव है कि मनुष्य अहंकार में ही कर्म करता है।

ਹਉਮੈ ਏਈ ਬੰਧਨਾ ਫਿਰਿ ਫਿਰਿ ਜੋਨੀ ਪਾਹਿ ॥
हउमै एई बंधना फिरि फिरि जोनी पाहि ॥
यह अहंकार जीव के बंधनों का कारण है, इसलिए जीव बार-बार योनियों में पड़ता है।

ਹਉਮੈ ਕਿਥਹੁ ਊਪਜੈ ਕਿਤੁ ਸੰਜਮਿ ਇਹ ਜਾਇ ॥
हउमै किथहु ऊपजै कितु संजमि इह जाइ ॥
वास्तव में यह अहंकार कहाँ से उत्पन्न होता है और किस युक्ति द्वारा इस पर प्रतिबन्ध लगाया जा सकता है।

ਹਉਮੈ ਏਹੋ ਹੁਕਮੁ ਹੈ ਪਇਐ ਕਿਰਤਿ ਫਿਰਾਹਿ ॥
हउमै एहो हुकमु है पइऐ किरति फिराहि ॥
प्रभु की इच्छा यह है कि अहंकार के कारण मनुष्य अपने पूर्व कर्मों के अनुसार भटकता रहे।

ਹਉਮੈ ਦੀਰਘ ਰੋਗੁ ਹੈ ਦਾਰੂ ਭੀ ਇਸੁ ਮਾਹਿ ॥
हउमै दीरघ रोगु है दारू भी इसु माहि ॥
अहंकार एक दीर्घ रोग है परन्तु इसका उपचार भी उपस्थित है।

ਕਿਰਪਾ ਕਰੇ ਜੇ ਆਪਣੀ ਤਾ ਗੁਰ ਕਾ ਸਬਦੁ ਕਮਾਹਿ ॥
किरपा करे जे आपणी ता गुर का सबदु कमाहि ॥
यदि प्रभु कृपा-दृष्टि धारण करे तो मनुष्य गुरु के शब्द अनुसार कर्म करता है अर्थात् यही इस रोग का उपचार है।

ਨਾਨਕੁ ਕਹੈ ਸੁਣਹੁ ਜਨਹੁ ਇਤੁ ਸੰਜਮਿ ਦੁਖ ਜਾਹਿ ॥੨॥
नानकु कहै सुणहु जनहु इतु संजमि दुख जाहि ॥२॥
नानक का कथन है कि हे लोगो ! सुनो, संयम द्वारा यह अहंकार दुःख का रोग निवृत्त हो जाता है। (संयम मुक्त भोग और पूर्ण त्याग के मध्य आत्मनियंत्रण की स्थिति है।) ॥ २ ॥

ਪਉੜੀ ॥
पउड़ी ॥
पउड़ी॥

ਸੇਵ ਕੀਤੀ ਸੰਤੋਖੀਈਂ ਜਿਨ੍ੀ ਸਚੋ ਸਚੁ ਧਿਆਇਆ ॥
सेव कीती संतोखीईं जिन्ही सचो सचु धिआइआ ॥
जिन्होंने एक परम सत्य का ही ध्यान किया है, उन संतोषी व्यक्तियों ने ही परमात्मा की सेवा-भक्ति की है।

ਓਨ੍ੀ ਮੰਦੈ ਪੈਰੁ ਨ ਰਖਿਓ ਕਰਿ ਸੁਕ੍ਰਿਤੁ ਧਰਮੁ ਕਮਾਇਆ ॥
ओन्ही मंदै पैरु न रखिओ करि सुक्रितु धरमु कमाइआ ॥
वे कुमार्ग पर अपना पैर नहीं रखते और शुभ कर्म एवं धर्म कमाते हैं।

ਓਨ੍ੀ ਦੁਨੀਆ ਤੋੜੇ ਬੰਧਨਾ ਅੰਨੁ ਪਾਣੀ ਥੋੜਾ ਖਾਇਆ ॥
ओन्ही दुनीआ तोड़े बंधना अंनु पाणी थोड़ा खाइआ ॥
वे दुनिया के बन्धनों को तोड़ देते हैं और थोड़ा अन्न-पानी ग्रहण करते हैं।

ਤੂੰ ਬਖਸੀਸੀ ਅਗਲਾ ਨਿਤ ਦੇਵਹਿ ਚੜਹਿ ਸਵਾਇਆ ॥
तूं बखसीसी अगला नित देवहि चड़हि सवाइआ ॥
हे ईश्वर ! तू ही महान् दाता है, जो नित्य ही आशीर्वाद देता रहता है।

ਵਡਿਆਈ ਵਡਾ ਪਾਇਆ ॥੭॥
वडिआई वडा पाइआ ॥७॥
महान् प्रभु की गुणस्तुति करते हुए मनुष्य कीर्ति प्राप्त कर लेता है॥ ७ ॥

ਸਲੋਕ ਮਃ ੧ ॥
सलोक मः १ ॥
श्लोक महला १॥

ਪੁਰਖਾਂ ਬਿਰਖਾਂ ਤੀਰਥਾਂ ਤਟਾਂ ਮੇਘਾਂ ਖੇਤਾਂਹ ॥
पुरखां बिरखां तीरथां तटां मेघां खेतांह ॥
हे नानक ! पुरुषों, वृक्षों. तीर्थों, तटों, मेघों, खेतों,"

ਦੀਪਾਂ ਲੋਆਂ ਮੰਡਲਾਂ ਖੰਡਾਂ ਵਰਭੰਡਾਂਹ ॥
दीपां लोआं मंडलां खंडां वरभंडांह ॥
द्वीपों, लोकों, मण्डलों, खण्डों-ब्रह्मण्डों,

ਅੰਡਜ ਜੇਰਜ ਉਤਭੁਜਾਂ ਖਾਣੀ ਸੇਤਜਾਂਹ ॥
अंडज जेरज उतभुजां खाणी सेतजांह ॥
अंडज, जेरज, स्वेदज एवं उद्भिज, ,"

ਸੋ ਮਿਤਿ ਜਾਣੈ ਨਾਨਕਾ ਸਰਾਂ ਮੇਰਾਂ ਜੰਤਾਹ ॥
सो मिति जाणै नानका सरां मेरां जंताह ॥
सरोवर, पहाड़ों में रहने वाले सब जीवों की गणना परमात्मा ही जानता है कि कितनी है।

ਨਾਨਕ ਜੰਤ ਉਪਾਇ ਕੈ ਸੰਮਾਲੇ ਸਭਨਾਹ ॥
नानक जंत उपाइ कै समाले सभनाह ॥
हे नानक ! भगवान ही जीवों को पैदा करके उनका भरण-पोषण करता है।

ਜਿਨਿ ਕਰਤੈ ਕਰਣਾ ਕੀਆ ਚਿੰਤਾ ਭਿ ਕਰਣੀ ਤਾਹ ॥
जिनि करतै करणा कीआ चिंता भि करणी ताह ॥
जिस कर्ता ने सृष्टि-रचना की है वही इसकी चिन्ता एवं देखभाल करता है।

ਸੋ ਕਰਤਾ ਚਿੰਤਾ ਕਰੇ ਜਿਨਿ ਉਪਾਇਆ ਜਗੁ ॥
सो करता चिंता करे जिनि उपाइआ जगु ॥
वह कर्ता जिसने जगत की रचना की है, वह इसकी चिन्ता भी स्वयं ही करता है।

ਤਿਸੁ ਜੋਹਾਰੀ ਸੁਅਸਤਿ ਤਿਸੁ ਤਿਸੁ ਦੀਬਾਣੁ ਅਭਗੁ ॥
तिसु जोहारी सुअसति तिसु तिसु दीबाणु अभगु ॥
वह भगवान कल्याणकारी है, उसे मेरा शत्-शत् प्रणाम है। उसका दरबार अटल है।

ਨਾਨਕ ਸਚੇ ਨਾਮ ਬਿਨੁ ਕਿਆ ਟਿਕਾ ਕਿਆ ਤਗੁ ॥੧॥
नानक सचे नाम बिनु किआ टिका किआ तगु ॥१॥
हे नानक ! सत्य नाम के सिमरन बिना तिलक एवं जनेऊ पहनने का क्या अभिप्राय है॥ १ ॥

ਮਃ ੧ ॥
मः १ ॥
महला १॥

ਲਖ ਨੇਕੀਆ ਚੰਗਿਆਈਆ ਲਖ ਪੁੰਨਾ ਪਰਵਾਣੁ ॥
लख नेकीआ चंगिआईआ लख पुंना परवाणु ॥
चाहे लाखों ही नेकियाँ, अच्छाइयों, लाखों ही पुण्य स्वीकृत हुए हों, चाहे लाखों ही श्रुतियों में सुरति, लाखों ही ज्ञान-ध्यान एवं पुराणों के पाठ पढ़े हों, तो भी सब व्यर्थ है।

ਲਖ ਤਪ ਉਪਰਿ ਤੀਰਥਾਂ ਸਹਜ ਜੋਗ ਬੇਬਾਣ ॥
लख तप उपरि तीरथां सहज जोग बेबाण ॥
चाहे तीर्थों पर लाखों ही तप किए हों तथा वनों में जाकर सहज योग किया हो,

ਲਖ ਸੂਰਤਣ ਸੰਗਰਾਮ ਰਣ ਮਹਿ ਛੁਟਹਿ ਪਰਾਣ ॥
लख सूरतण संगराम रण महि छुटहि पराण ॥
चाहे लाखों ही बाहुबल-शूरवीरता संग्राम में दिखाई हो तथा रणभूमि में वीरगति प्राप्त की हो,

ਲਖ ਸੁਰਤੀ ਲਖ ਗਿਆਨ ਧਿਆਨ ਪੜੀਅਹਿ ਪਾਠ ਪੁਰਾਣ ॥
लख सुरती लख गिआन धिआन पड़ीअहि पाठ पुराण ॥
चाहे लाखों ही श्रुतियों में सुरति, लाखों ही ज्ञान-ध्यान एवं पुराणों के पाठ पढ़े हों, तो भी सब व्यर्थ है।

ਜਿਨਿ ਕਰਤੈ ਕਰਣਾ ਕੀਆ ਲਿਖਿਆ ਆਵਣ ਜਾਣੁ ॥
जिनि करतै करणा कीआ लिखिआ आवण जाणु ॥
चूंकि जिस परमात्मा ने यह जगत बनाया है, उसने ही जीवों का जन्म-मरण निर्धारित किया है।

ਨਾਨਕ ਮਤੀ ਮਿਥਿਆ ਕਰਮੁ ਸਚਾ ਨੀਸਾਣੁ ॥੨॥
नानक मती मिथिआ करमु सचा नीसाणु ॥२॥
हे नानक ! प्रभु का करम (मेहर) ही सत्य का चिन्ह है, शेष सभी चतुर चाल झूठी हैं।॥ २॥

ਪਉੜੀ ॥
ਪਉੜੀ ॥
पउड़ी।

ਸਚਾ ਸਾਹਿਬੁ ਏਕੁ ਤੂੰ ਜਿਨਿ ਸਚੋ ਸਚੁ ਵਰਤਾਇਆ ॥
सचा साहिबु एकु तूं जिनि सचो सचु वरताइआ ॥
हे भगवान ! एक तू ही सच्चा मालिक है, जिसने परम सत्य का प्रसार किया हुआ है।

ਜਿਸੁ ਤੂੰ ਦੇਹਿ ਤਿਸੁ ਮਿਲੈ ਸਚੁ ਤਾ ਤਿਨੀ ਸਚੁ ਕਮਾਇਆ ॥
जिसु तूं देहि तिसु मिलै सचु ता तिन्ही सचु कमाइआ ॥
जिसे तू (सत्य) देता है, वही सत्य को प्राप्त करता है और वह सत्य का कर्म करता है।

ਸਤਿਗੁਰਿ ਮਿਲਿਐ ਸਚੁ ਪਾਇਆ ਜਿਨ੍ ਕੈ ਹਿਰਦੈ ਸਚੁ ਵਸਾਇਆ ॥
सतिगुरि मिलिऐ सचु पाइआ जिन्ह कै हिरदै सचु वसाइआ ॥
जिस जीव को सतगुरु मिल जाता है, उसे सत्य की प्राप्ति होती है। सच्चा गुरु उनके हृदय में सत्य को बसा देता है।

ਮੂਰਖ ਸਚੁ ਨ ਜਾਣਨ੍ੀ ਮਨਮੁਖੀ ਜਨਮੁ ਗਵਾਇਆ ॥
मूरख सचु न जाणन्ही मनमुखी जनमु गवाइआ ॥
लेकिन मूर्ख स्वार्थी लोग नहीं जानते कि सत्य क्या है और वे व्यर्थ ही अपना जीवन नष्ट कर देते हैं।

ਵਿਚਿ ਦੁਨੀਆ ਕਾਹੇ ਆਇਆ ॥੮॥
विचि दुनीआ काहे आइआ ॥८॥
ऐसे लोग इस दुनिया में क्यों आए हैं।॥ ८॥

ਸਲੋਕੁ ਮਃ ੧ ॥
सलोकु मः १ ॥
श्लोक महला १॥

ਪੜਿ ਪੜਿ ਗਡੀ ਲਦੀਅਹਿ ਪੜਿ ਪੜਿ ਭਰੀਅਹਿ ਸਾਥ ॥
पड़ि पड़ि गडी लदीअहि पड़ि पड़ि भरीअहि साथ ॥
चाहे गाड़ियाँ लादकर भी पुस्तकें पढ़ ली जाएँ, पुस्तकों के तमाम समुदाय अध्ययन कर लिए जाएँ।

ਪੜਿ ਪੜਿ ਬੇੜੀ ਪਾਈਐ ਪੜਿ ਪੜਿ ਗਡੀਅਹਿ ਖਾਤ ॥
पड़ि पड़ि बेड़ी पाईऐ पड़ि पड़ि गडीअहि खात ॥
चाहे पढ़-पढ़कर पुस्तकें नाव भर ली जाएँ, चाहे पढ़-पढ़कर खड़े भर लिए जाएँ।

ਪੜੀਅਹਿ ਜੇਤੇ ਬਰਸ ਬਰਸ ਪੜੀਅਹਿ ਜੇਤੇ ਮਾਸ ॥
पड़ीअहि जेते बरस बरस पड़ीअहि जेते मास ॥
चाहे बरसों तक पढ़ाई की जाए चाहे जितने भी महीने पढ़े जाएँ।

ਪੜੀਐ ਜੇਤੀ ਆਰਜਾ ਪੜੀਅਹਿ ਜੇਤੇ ਸਾਸ ॥
पड़ीऐ जेती आरजा पड़ीअहि जेते सास ॥
चाहे सारी उम्र पढ़ते रहो, जीवन की सांसें रहने तक पढ़ते रहो।

ਨਾਨਕ ਲੇਖੈ ਇਕ ਗਲ ਹੋਰੁ ਹਉਮੈ ਝਖਣਾ ਝਾਖ ॥੧॥
नानक लेखै इक गल होरु हउमै झखणा झाख ॥१॥
परन्तु हे नानक ! एक ही बात सत्य के दरबार में स्वीकृत है, प्रभु का नाम-सिमरन ही मनुष्य के कर्मलेख में है, शेष सब कुछ तो अहंकार में भटकने जैसा है॥ १॥

ਮਃ ੧ ॥
मः १ ॥
महला १॥

ਲਿਖਿ ਲਿਖਿ ਪੜਿਆ ॥ ਤੇਤਾ ਕੜਿਆ ॥
लिखि लिखि पड़िआ ॥ तेता कड़िआ ॥
जितना अधिक मनुष्य पढ़ता-लिखता है, उतना अधिक वह दुःख में जलता रहता है।

ਬਹੁ ਤੀਰਥ ਭਵਿਆ ॥ ਤੇਤੋ ਲਵਿਆ ॥
बहु तीरथ भविआ ॥ तेतो लविआ ॥
जितना अधिक वह तीर्थों पर भटकता है, उतना अधिक वह निरर्थक बोलता है।

ਬਹੁ ਭੇਖ ਕੀਆ ਦੇਹੀ ਦੁਖੁ ਦੀਆ ॥
बहु भेख कीआ देही दुखु दीआ ॥
जितना अधिक मनुष्य धार्मिक वेष धारण करता है, वह उतना ही अधिक शरीर को दुःखी करता है।

ਸਹੁ ਵੇ ਜੀਆ ਅਪਣਾ ਕੀਆ ॥
सहु वे जीआ अपणा कीआ ॥
हे जीव ! अब तू अपने कर्मों का फल भोग।

ਅੰਨੁ ਨ ਖਾਇਆ ਸਾਦੁ ਗਵਾਇਆ ॥
अंनु न खाइआ सादु गवाइआ ॥
जो मनुष्य अन्न नहीं खाता, वह जीवन का स्वाद खो देता है।

ਬਹੁ ਦੁਖੁ ਪਾਇਆ ਦੂਜਾ ਭਾਇਆ ॥
बहु दुखु पाइआ दूजा भाइआ ॥
द्वैतभाव में पड़कर मनुष्य बहुत दुःखी होता है।

ਬਸਤ੍ਰ ਨ ਪਹਿਰੈ ॥ ਅਹਿਨਿਸਿ ਕਹਰੈ ॥
बसत्र न पहिरै ॥ अहिनिसि कहरै ॥
जो वस्त्र नहीं पहनता, वह दिन-रात दुःखी होता है।

ਮੋਨਿ ਵਿਗੂਤਾ ॥ ਕਿਉ ਜਾਗੈ ਗੁਰ ਬਿਨੁ ਸੂਤਾ ॥
मोनि विगूता ॥ किउ जागै गुर बिनु सूता ॥
मौन धारण करने से मनुष्य नष्ट हो जाता है। गुरु के बिना मोह-माया में सोया हुआ कैसे जाग सकता है।

ਪਗ ਉਪੇਤਾਣਾ ॥ ਅਪਣਾ ਕੀਆ ਕਮਾਣਾ ॥
पग उपेताणा ॥ अपणा कीआ कमाणा ॥
जो मनुष्य नंगे पैर चलता है, वह अपने कर्मों का फल भोगता है।

ਅਲੁ ਮਲੁ ਖਾਈ ਸਿਰ�ि ਛਾਈ ਪਾਈ ॥
अलु मलु खाई सिरि छाई पाई ॥
जो मनुष्य अभक्ष्य गंदगी खाता है और सिर पर राख डलवाता है,

ਮੂਰਖਿ ਅੰਧੈ ਪਤਿ ਗਵਾਈ ॥
मूरखि अंधै पति गवाई ॥
वह मूर्ख अन्धा अपना मान-सम्मान खो लेता है।

ਵਿਣੁ ਨਾਵੈ ਕਿਛੁ ਥਾਇ ਨ ਪਾਈ ॥
विणु नावै किछु थाइ न पाई ॥
सत्य नाम के बिना कोई भी वस्तु स्वीकृत नहीं होती।

ਰਹੈ ਬੇਬਾਣੀ ਮੜੀ ਮਸਾਣੀ ॥
रहै बेबाणी मड़ी मसाणी ॥
वह जंगलों, कब्रिस्तान एवं श्मशान घाट में रहता है।

ਅੰਧੁ ਨ ਜਾਣੈ ਫਿਰ�ि ਪਛੁਤਾਣੀ ॥
अंधु न जाणै फिरि पछुताणी ॥
अन्धा मनुष्य प्रभु को नहीं जानता एवं तत्पश्चात् पश्चाताप करता है।

ਸਤਿਗੁਰੁ ਭੇਟੇ ਸੋ ਸੁਖੁ ਪਾਏ ॥
सतिगुरु भेटे सो सुखु पाए ॥
जो सतगुरु से मिलता है, उसे सुख प्राप्त होता है

ਹਰਿ ਕਾ ਨਾਮੁ ਮੰਨਿ ਵਸਾਏ ॥
हरि का नामु मंनि वसाए ॥
और हरि का नाम वह अपने मन में बसा लेता है।

ਨਾਨਕ ਨਦਰਿ ਕਰੇ ਸੋ ਪਾਏ ॥
नानक नदरि करे सो पाए ॥
हे नानक ! प्रभु की कृपा-दृष्टि से सब कुछ प्राप्त हो जाता है।

ਆਸ ਅੰਦੇਸੇ ਤੇ ਨਿਹਕੇਵਲੁ ਹਉਮੈ ਸਬਦਿ ਜਲਾਏ ॥੨॥
आस अंदेसे ते निहकेवलु हउमै सबदि जलाए ॥२॥
आशा-चिंता से वह निर्लिप्त हो जाता है और ब्रह्म-शब्द द्वारा वह अहंकार को जला देता है॥२॥

ਪਉੜੀ ॥
पउड़ी ॥
पउड़ी॥

ਭਗਤ ਤੇਰੈ ਮਨਿ ਭਾਵਦੇ ਦਰਿ ਸੋਹਨਿ ਕੀਰਤਿ ਗਾਵਦੇ ॥
भगत तैरै मनि भावदे दरि सोहनि कीरति गावदे ॥
हे प्रभु ! तेरे मन को भक्त बहुत प्यारे लगते हैं, जो तेरे द्वार पर भजन-कीर्तन गाते हुए बहुत सुन्दर लगते हैं।

ਨਾਨਕ ਕਰਮਾ ਬਾਹਰੇ ਦਰਿ ਢੋਅ ਨ ਲਹਨ੍ਹੀ ਧਾਵਦੇ ॥
नानक करमा बाहरे दरि ढोअ न लहन्ही धावदे ॥
हे नानक ! भाग्यहीन लोगों को प्रभु की कृपा-दृष्टि के बिना उसके दर पर शरण नहीं मिलती और वे भटकते रहते हैं।

ਇਕਿ ਮੂਲੁ ਨ ਬੁਝਨ੍ਹਿ ਆਪਣਾ ਅਣਹੋਦਾ ਆਪੁ ਗਣਾਇਦੇ ॥
इकि मूलु न बुझन्हि आपणा अणहोदा आपु गणाइदे ॥
कुछ लोग अपने मूल (प्रभु) को नहीं पहचानते और व्यर्थ ही अपना अहंकार दिखाते हैं।

ਹਉ ਢਾਢੀ ਕਾ ਨੀਚ ਜਾਤਿ ਹੋਰਿ ਉਤਮ ਜਾਤਿ ਸਦਾਇਦੇ ॥
हउ ढाढी का नीच जाति होरि उतम जाति सदाइदे ॥
हे प्रभु! मैं निम्न जाति का तुच्छ मिस्त्री हूँ, शेष अपने आपको उत्तम जाति के कहलवाते हैं।

ਤਿਨ੍ ਮੰਗਾ ਜਿ ਤੁਝੈ ਧਿਆਇਦੇ ॥੯॥
तिन्ह मंगा जि तुझै धिआइदे ॥९॥
हे प्रभु! मैं उनकी संगति माँगता हूँ, जो तेरा ध्यान-मनन करते हैं।॥ ६॥

ਸਲੋਕੁ ਮਃ ੧ ॥
सलोकु मः १ ॥
श्लोक महला १॥

ਕੂੜੁ ਰਾਜਾ ਕੂੜੁ ਪਰਜਾ ਕੂੜੁ ਸਭੁ ਸੰਸਾਰੁ ॥
कूड़ु राजा कूड़ु परजा कूड़ु सभु संसारु ॥
राजा झूठ है, प्रजा झूठ है यह सारा संसार ही झूठ है,

ਕੂੜੁ ਮੰਡਪ ਕੂੜੁ ਮਾੜੀ ਕੂੜੁ ਬੈਸਣਹਾਰੁ ॥
कूड़ु मंडप कूड़ु माड़ी कूड़ु बैसणहारु ॥
राजाओं के मंडप और महल झूठ एवं छल ही हैं,

ਕੂੜੁ ਸੁਇਨਾ ਕੂੜੁ ਰੁਪਾ ਕੂੜੁ ਪੈਨ੍ਣਹਾਰੁ ॥
कूड़ु सुइना कूड़ु रुपा कूड़ु पैन्हणहारु ॥
सोना-चांदी झूठा है और इसे पहनने वाला कपट ही है।

ਕੂੜੁ ਕਾਇਆ ਕੂੜੁ ਕਪੜੁ ਕੂੜੁ ਰੂਪੁ ਅਪਾਰੁ ॥
कूड़ु काइआ कूड़ु कपड़ु कूड़ु रूपु अपारु ॥
यह काया, वस्त्र एवं अपार रूप सभी झूठे हैं।

ਕੂੜੁ ਮੀਆ ਕੂੜੁ ਬੀਬੀ ਖਪਿ ਹੋਏ ਖਾਰੁ ॥
कूड़ु मीआ कूड़ु बीबी खपि होए खारु ॥
पति और पत्नी का रिश्ता बहुत कम समय का है, जिसे दोनों ही वासनाओं में फंसकर बर्बाद करते हैं।

ਕੂੜਿ ਕੂੜੈ ਨੇਹੁ ਲਗਾ ਵਿਸਰਿਆ ਕਰਤਾਰੁ ॥
कूड़ि कूड़ै नेहु लगा विसरिआ करतारु ॥
झूठा मनुष्य झूठ से प्रेम करता है और करतार प्रभु को विस्मृत कर देता है।

ਕਿਸੁ ਨਾਲਿ ਕੀਚੈ ਦੋਸਤੀ ਸਭੁ ਜਗੁ ਚਲਣਹਾਰੁ ॥
किसु नालि कीचै दोसती सभु जगु चलणहारु ॥
मैं किसके साथ दोस्ती करूं ? क्योंकि यह संसार नाशवान है।

ਕੂੜੁ ਮਿਠਾ ਕੂੜੁ ਮਾਖਿਉ ਕੂੜੁ ਡੋਬੇ ਪੂਰੁ ॥
कूड़ु मिठा कूड़ु माखिउ कूड़ु डोबे पूरु ॥
झुठ मीठा गुड़ है, झूठ मीठा मधु है, झूठ ही झुण्डों के झुण्ड जीवों को नरक में डुबो रहा है।

ਨਾਨਕੁ ਵਖਾਣੈ ਬੇਨਤੀ ਤੁਧੁ ਬਾਝੁ ਕੂੜੋ ਕੂੜੁ ॥੧॥
नानकु वखाणै बेनती तुधु बाझु कूड़ो कूड़ु ॥१॥
नानक प्रभु के समक्ष प्रार्थना करता हुआ कहता है कि हे परम-सत्य ! तेरे बिना यह सारा संसार झूठा ही है॥ १॥

ਮਃ ੧ ॥
मः १ ॥
महला १॥

ਸਚੁ ਤਾ ਪਰੁ ਜਾਣੀਐ ਜਾ ਰਿਦੈ ਸਚਾ ਹੋਇ ॥
सचु ता परु जाणीऐ जा रिदै सचा होइ ॥
सत्य तो तभी जाना जाता है यदि सत्य मनुष्य के हृदय में हो।

ਕੂੜ ਕੀ ਮਲੁ ਉਤਰੈ ਤਨੁ ਕਰੇ ਹਛਾ ਧੋਇ ॥
कूड़ की मलु उतरै तनु करे हछा धोइ ॥
उसकी झूठ की मैल उतर जाती है और वह अपने तन को शुद्ध कर लेता है।

ਸਚੁ ਤਾ ਪਰੁ ਜਾਣੀਐ ਜਾ ਸਚਿ ਧਰੇ ਪਿਆਰੁ ॥
सचु ता परु जाणीऐ जा सचि धरे पिआरु ॥
सत्य तो ही जाना जाता है यदि मनुष्य सत्य (प्रभु) से प्रेम करे।

ਨਾਉ ਸੁਣਿ ਮਨੁ ਰਹਸੀਐ ਤਾ ਪਾਏ ਮੋਖ ਦੁਆਰੁ ॥
नाउ सुणि मनु रहसीऐ ता पाए मोख दुआरु ॥
जब प्रभु नाम को सुनकर मन प्रसन्न हो जाता है तो जीव मोक्ष द्वार प्राप्त कर लेता है।

ਸਚੁ ਤਾ ਪਰੁ ਜਾਣੀਐ ਜਾ ਜੁਗਤਿ ਜਾਣੈ ਜੀਉ ॥
सचु ता परु जाणीऐ जा जुगति जाणै जीउ ॥
सत्य का बोध तभी होता है यदि मनुष्य प्रभु-मिलन की युक्ति समझ लेता है।

ਧਰਤਿ ਕਾਇਆ ਸਾਧਿ ਕੈ ਵਿਚਿ ਦੇਇ ਕਰਤਾ ਬੀਉ ॥
धरति काइआ साधि कै विचि देइ करता बीउ ॥
शरीर रूपी धरती को संवार कर वह इसमें कर्ता प्रभु के नाम का बीज बो देता है।

ਸਚੁ ਤਾ ਪਰੁ ਜਾਣੀਐ ਜਾ ਸਿਖ ਸਚੀ ਲੇਇ ॥
सचु ता परु जाणीऐ जा सिख सची लेइ ॥
सत्य तो ही जाना जा सकता है, जब वह सच्ची शिक्षा प्राप्त करता है।

ਦਇਆ ਜਾਣੈ ਜੀਅ ਕੀ ਕਿਛੁ ਪੁੰਨੁ ਦਾਨੁ ਕਰੇਇ ॥
दइआ जाणै जीअ की किछु पुंनु दानु करेइ ॥
वह जीवों पर दया करता है ओर यथाशक्ति अनुसार दान-पुण्य करता है।

ਸਚੁ ਤਾਂ ਪਰੁ ਜਾਣੀਐ ਜਾ ਆਤਮ ਤੀਰਥਿ ਕਰੇ ਨਿਵਾਸੁ ॥
सचु तां परु जाणीऐ जा आतम तीरथि करे निवासु ॥
सत्य तो ही जाना जा सकता है, जब वह अपनी आत्मा के तीर्थ-स्थान में निवास करता हो।

ਸਤਿਗੁਰੂ ਨੋ ਪੁਛਿ ਕੈ ਬਹਿ ਰਹੈ ਕਰੇ ਨਿਵਾਸੁ ॥
सतिगुरू नो पुछि कै बहि रहै करे निवासु ॥
वह सतगुरु से पूछकर, उपदेश प्राप्त करके, बैठता एवं निवास करता है।

ਸਚੁ ਸਭਨਾ ਹੋਇ ਦਾਰੂ ਪਾਪ ਕਢੈ ਧੋਇ ॥
सचु सभना होइ दारू पाप कढै धोइ ॥
सत्य सबके लिए एक औषधि है, यह पाप को दूर करके बाहर निकाल देता है।

ਨਾਨਕੁ ਵਖਾਣੈ ਬੇਨਤੀ ਜਿਨ ਸਚੁ ਪਲੈ ਹੋਇ ॥੨॥
नानकु वखाणै बेनती जिन सचु पलै होइ ॥२॥
नानक उनके समक्ष विनती करता है, जिनके दामन में सत्य विद्यमान है॥ २॥

ਪਉੜੀ ॥
पउड़ी ॥
पउड़ी ॥

ਦਾਨੁ ਮਹਿੰਡਾ ਤਲੀ ਖਾਕੁ ਜੇ ਮਿਲੈ ਤ ਮਸਤਕਿ ਲਾਈਐ ॥
दानु महिंडा तली खाकु जे मिलै त मसतकि लाईऐ ॥
मेरा मन संतों की चरण-धूल का दान मांगता है, यदि यह मिल जाए तो मैं इसे अपने मस्तक पर लगाऊँ।

ਕੂੜਾ ਲਾਲਚੁ ਛਡੀਐ ਹੋਇ ਇਕ ਮਨਿ ਅਲਖੁ ਧਿਆਈਐ ॥
कूड़ा लालचु छडीऐ होइ इक मनि अलखु धिआईऐ ॥
झूठा लालच छोड़कर हमें एक मन होकर भगवान का ध्यान करना चाहिए।

ਫਲੁ ਤੇਵੇਹੋ ਪਾਈਐ ਜੇਵੇਹੀ ਕਾਰ ਕਮਾਈਐ ॥
फलु तेवेहो पाईऐ जेवेही कार कमाईऐ ॥
जैसा कर्म हम करते हैं वैसा ही फल हमें प्राप्त होता है।

ਜੇ ਹੋਵੈ ਪੂਰਬਿ ਲਿਖਿਆ ਤਾ ਧੂੜਿ ਤਿਨ੍ਹਾ ਦੀ ਪਾਈਐ ॥
जे होवै पूरबि लिखिआ ता धूड़ि तिन्हा दी पाईऐ ॥
यदि प्रारम्भ से ऐसा कर्म लिखा हो तो मनुष्य को संतों की चरणों की धूल प्राप्त हो जाती है।

ਮਤਿ ਥੋੜੀ ਸੇਵ ਗਵਾਈਐ ॥੧੦॥
मति थोड़ी सेव गवाईऐ ॥१०॥
अल्पबुद्धि के फलस्वरूप हम सेवा के फल को गंवा लेते हैं॥ १० ॥

ਸਲੋਕੁ ਮਃ ੧ ॥
सलोकु मः १ ॥
श्लोक महला १॥

ਸਚਿ ਕਾਲੁ ਕੂੜੁ ਵਰਤਿਆ ਕਲਿ ਕਾਲਖ ਬੇਤਾਲ ॥
सचि कालु कूड़ु वरतिआ कलि कालख बेताल ॥
अब सत्य का अकाल पड़ गया है अर्थात् सत्य लुप्त हो गया है एवं झूठ का प्रसार प्रचलित है, इस कलियुग की कालिख ने लोगों को बेताल बना दिया है।

ਬੀਉ ਬੀਜਿ ਪਤਿ ਲੈ ਗਏ ਅਬ ਕਿਉ ਉਗਵੈ ਦਾਲਿ ॥
बीउ बीजि पति लै गए अब किउ उगवै दालि ॥
जिन्होंने प्रभु-नाम का बीज बोया था वह मान-प्रतिष्ठा से (जगत से) गए हैं, परन्तु अब टूटा हुआ (नाम का) बीज कैसे अंकुरित हो सकता है ?

ਜੇ ਇਕੁ ਹੋਇ ਤ ਉਗਵੈ ਰੁਤੀ ਹੂ ਰੁਤਿ ਹੋਇ ॥
जे इकु होइ त उगवै रुती हू रुति होइ ॥
यदि बीज सम्पूर्ण हो और ऋतु भी सुहावनी हो तो यह अंकुरित हो सकता है।

ਨਾਨਕ ਪਾਹੈ ਬਾਹਰਾ ਕੋਰੈ ਰੰਗੁ ਨ ਸੋਇ ॥
नानक पाहै बाहरा कोरै रंगु न सोइ ॥
हे नानक ! यदि लाग का प्रयोग न किया जाए तो नवीन वस्त्र रंगा नहीं जा सकता।

ਭੈ ਵਿਚਿ ਖੁੰਬਿ ਚੜਾਈਐ ਸਰਮੁ ਪਾਹੁ ਤਨਿ ਹੋਇ ॥
भै विचि खुमबि चड़ाईऐ सरमु पाहु तनि होइ ॥
यदि शरीर पर लज्जा की लाग लगा दी जाए तो यह प्रभु के भय में पापों से धुलकर उज्ज्वल हो जाती है।

ਨਾਨਕ ਭਗਤੀ ਜੇ ਰਪੈ ਕੂੜੈ ਸੋਇ ਨ ਕੋਇ ॥੧॥
नानक भगती जे रपै कूड़ै सोइ न कोइ ॥१॥
हे नानक ! यदि मनुष्य प्रभु-भक्ति से रंगा जाए तो झूठ इसे निकट भी स्पर्श नहीं कर सकता ॥ १॥

ਮਃ ੧ ॥
मः १ ॥
महला १॥

ਲਬੁ ਪਾਪੁ ਦੁਇ ਰਾਜਾ ਮਹਤਾ ਕੂੜੁ ਹੋਆ ਸਿਕਦਾਰੁ ॥
लबु पापु दुइ राजा महता कूड़ु होआ सिकदारु ॥
लोभ एवं पाप दोनों ही राजा तथा मंत्री हैं और झूठ चौधरी बना बैठा है।

ਕਾਮੁ ਨੇਬੁ ਸਦਿ ਪੁਛੀਐ ਬਹਿ ਬਹਿ ਕਰੇ ਬੀਚਾਰੁ ॥
कामु नेबु सदि पुछीऐ बहि बहि करे बीचारु ॥
वासना उनके मुख्य सलाहकार की तरह है, वे उनसे सलाह मांगते हैं और फिर एक साथ बैठकर जनता को मूर्ख बनाने के विभिन्न तरीकों पर विचार-विमर्श करते हैं।

ਅੰਧੀ ਰਯਤਿ ਗਿਆਨ ਵਿਹੂਣੀ ਭਾਹਿ ਭਰੇ ਮੁਰਦਾਰੁ ॥
अंधी रयति गिआन विहूणी भाहि भरे मुरदारु ॥
अन्धी प्रजा ज्ञान से विहीन है और मृतक की भाँति चुपचाप अन्याय सहती है।

ਗਿਆਨੀ ਨਚਹਿ ਵਾਜੇ ਵਾਵਹਿ ਰੂਪ ਕਰਹਿ ਸੀਗਾਰੁ ॥
गिआनी नचहि वाजे वावहि रूप करहि सीगारु ॥
ज्ञानी नृत्य करते हैं, बाजे बजाते और अनेक प्रकार के रूप धारण करके श्रृंगार करते हैं।

ਊਚੇ ਕੂਕਹਿ ਵਾਦਾ ਗਾਵਹਿ ਜੋਧਾ ਕਾ ਵੀਚਾਰੁ ॥
ऊचे कूकहि वादा गावहि जोधा का वीचारु ॥
वे ऊँची आवाज़ में पुकारते हैं एवं युद्ध काव्य एवं शूरवीरों की शूरवीरता की कहानियाँ गाते हैं।

ਮੂਰਖ ਪੰਡਿਤ ਹਿਕਮਤਿ ਹੁਜਤਿ ਸੰਜੈ ਕਰਹਿ ਪਿਆਰੁ ॥
मूरख पंडित हिकमति हुजति संजै करहि पिआरु ॥
मूर्ख विद्वानों और पंडितों को चतुर तर्कों और युक्तियों से सांसारिक धन बटोरने में बड़ा आनंद आता है।

ਧਰਮੀ ਧਰਮੁ ਕਰਹਿ ਗਾਵਾਵਹਿ ਮੰਗਹਿ ਮੋਖ ਦੁਆਰੁ ॥
धरमी धरमु करहि गावावहि मंगहि मोख दुआरु ॥
धर्मी लोग धर्म का कर्म करते हैं और मोक्ष की माँग करते हैं।

ਜਤੀ ਸਦਾਵਹਿ ਜੁਗਤਿ ਨ ਜਾਣਹਿ ਛਡਿ ਬਹਹਿ ਘਰ ਬਾਰੁ ॥
जती सदावहि जुगति न जाणहि छडि बहहि घर बारु ॥
परन्तु उसके प्रभाव से वंचित हो जाते हैं क्योंकि स्वार्थवश वो यती कहलवाने वाले जीवन की युक्ति को नहीं समझते और व्यर्थ ही घर-बार छोड़ देते है।

ਸਭੁ ਕੋ ਪੂਰਾ ਆਪੇ ਹੋਵੈ ਘਟਿ ਨ ਕੋਈ ਆਖੈ ॥
सभु को पूरा आपे होवै घटि न कोई आखै ॥
सभी अपने आप को पूर्ण भक्त साबित करते है कोई स्वयं को कम नहीं समझता

ਪਤਿ ਪਰਵਾਣਾ ਪਿਛੈ ਪਾਈਐ ਤਾ ਨਾਨਕ ਤੋਲਿਆ ਜਾਪੈ ॥੨॥
पति परवाणा पिछै पाईऐ ता नानक तोलिआ जापै ॥२॥
हे नानक ! यदि इज्जत का तराजू पिछले पलड़े में डाल दिया जाए तो ही मनुष्य भली भांति तुला हुआ मालूम होता है॥ २॥

ਮਃ ੧ ॥
मः १ ॥
महला १॥

ਵਦੀ ਸੁ ਵਜਗਿ ਨਾਨਕਾ ਸਚਾ ਵੇਖੈ ਸੋਇ ॥
वदी सु वजगि नानका सचा वेखै सोइ ॥
हे नानक ! बुराई भली प्रकार उजागर हो जाती है क्योंकि वह सत्य-परमशेवर सब कुछ देखता है।

ਸਭਨੀ ਛਾਲਾ ਮਾਰੀਆ ਕਰਤਾ ਕਰੇ ਸੁ ਹੋਇ ॥
सभनी छाला मारीआ करता करे सु होइ ॥
हरेक ने जगत में आगे बढ़ने हेतु छलांग लगाई है परन्तु जो कुछ जगत का रचयिता करता है, वही होता है।

ਅਗੈ ਜਾਤਿ ਨ ਜੋਰੁ ਹੈ ਅਗੈ ਜੀਉ ਨਵੇ ॥
अगै जाति न जोरु है अगै जीउ नवे ॥
परलोक में जाति एवं बाहुबल का कोई मूल्य नहीं क्योंकि वहाँ तो जीव नवीन होते हैं।

ਜਿਨ ਕੀ ਲੇਖੈ ਪਤਿ ਪਵੈ ਚੰਗੇ ਸੇਈ ਕੇਇ ॥੩॥
जिन की लेखै पति पवै चंगे सेई केइ ॥३॥
जिन्हें कर्मों का लेखा-जोखा होने पर सम्मान प्राप्त होता है, वही भले कहे जा सकते हैं। ३ ॥

ਪਉੜੀ ॥
पउड़ी ॥
पउड़ी॥

ਧੁਰਿ ਕਰਮੁ ਜਿਨਾ ਕਉ ਤੁਧੁ ਪਾਇਆ ਤਾ ਤਿਨੀ ਖਸਮੁ ਧਿਆਇਆ ॥
धुरि करमु जिना कउ तुधु पाइआ ता तिनी खसमु धिआइआ ॥
हे विधाता ! तूने आरम्भ से ही जिन जीवों का अच्छा भाग्य लिख दिया है तो ही उन्होंने अपने मालिक-प्रभु को याद किया है।

ਏਨਾ ਜੰਤਾ ਕੈ ਵਸਿ ਕਿਛੁ ਨਾਹੀ ਤੁਧੁ ਵੇਕੀ ਜਗਤੁ ਉਪਾਇਆ ॥
एना जंता कै वसि किछु नाही तुधु वेकी जगतु उपाइआ ॥
इन जीवों के वश में कुछ भी नहीं, यह विभिन्न प्रकार का जगत तूने ही उत्पन्न किया है।

ਇਕਨਾ ਨੋ ਤੂੰ ਮੇਲਿ ਲੈਹਿ ਇਕਿ ਆਪਹੁ ਤੁਧੁ ਖੁਆਇਆ ॥
इकना नो तूं मेलि लैहि इकि आपहु तुधु खुआइआ ॥
हे प्रभु ! कुछ जीवों को तू अपने साथ मिला लेता है और कुछ जीवों को स्वयं ही दूर करके व्यर्थ करता रहता है।

ਗੁਰ ਕਿਰਪਾ ਤੇ ਜਾਣਿਆ ਜਿਥੈ ਤੁਧੁ ਆਪੁ ਬੁਝਾਇਆ ॥
गुर किरपा ते जाणिआ जिथै तुधु आपु बुझाइआ ॥
जहाँ तूने स्वयं ही किसी को अपनी सूझ प्रदान की है, गुरु की कृपा से उसने ही तुझे जाना है।

ਸਹਜੇ ਹੀ ਸਚਿ ਸਮਾਇਆ ॥੧੧॥
सहजे ही सचि समाइआ ॥११॥
और वह सहज ही सत्य में समा गया है॥ ११॥

ਸਲੋਕੁ ਮਃ ੧ ॥
सलोकु मः १ ॥
श्लोक महला १॥

ਦੁਖੁ ਦਾਰੂ ਸੁਖੁ ਰੋਗੁ ਭਇਆ ਜਾ ਸੁਖੁ ਤਾਮਿ ਨ ਹੋਈ ॥
दुखु दारू सुखु रोगु भइआ जा सुखु तामि न होई ॥
दुःख औषधि है और सुख रोग है, क्योंकि जब सुख मिल जाता है तो जीव को प्रभु-स्मरण ही नहीं होता।

ਤੂੰ ਕਰਤਾ ਕਰਣਾ ਮੈ ਨਾਹੀ ਜਾ ਹਉ ਕਰੀ ਨ ਹੋਈ ॥੧॥
तूं करता करणा मै नाही जा हउ करी न होई ॥१॥
हे प्रभु ! तू सृष्टि रचयिता है, मैं कुछ भी नहीं कर सकता। यदि मैं कुछ करने का प्रयास भी करूं तो भी कुछ नहीं होता।॥ १॥

ਬਲਿਹਾਰੀ ਕੁਦਰਤਿ ਵਸਿਆ ॥
बलिहारी कुदरति वसिआ ॥
हे जगत-रचयिता ! मैं तुझ पर बलिहारी जाता हूँ, तू अपनी प्रकृति में निवास कर रहा है,

ਤੇਰਾ ਅੰਤੁ ਨ ਜਾਈ ਲਖਿਆ ॥੧॥ ਰਹਾਉ ॥
तेरा अंतु न जाई लखिआ ॥१॥ रहाउ ॥
और तेरा अन्त नहीं पाया जा सकता ॥ १॥ रहाउ॥

ਜਾਤਿ ਮਹਿ ਜੋਤਿ ਜੋਤਿ ਮਹਿ ਜਾਤਾ ਅਕਲ ਕਲਾ ਭਰਪੂਰਿ ਰਹਿਆ ॥
जाति महि जोति जोति महि जाता अकल कला भरपूरि रहिआ ॥
हे प्रभु ! जीवों में ही तेरी ज्योति विद्यमान है और जीव तेरी ज्योति में विद्यमान हैं। हे सर्वकला सम्पूर्ण ! तू सर्वव्यापक है। तू सच्चा मालिक हैं।

ਤੂੰ ਸਚਾ ਸਾਹਿਬੁ ਸਿਫਤਿ ਸੁਆਲ੍ਹਿਉ ਜਿਨਿ ਕੀਤੀ ਸੋ ਪਾਰਿ ਪਇਆ ॥
तूं सचा साहिबु सिफति सुआल्हिउ जिनि कीती सो पारि पइआ ॥
तेरी महिमा अत्यंत सुन्दर है, जो तेरी स्तुति करता है, वह संसार सागर से पार हो जाता है।

ਕਹੁ ਨਾਨਕ ਕਰਤੇ ਕੀਆ ਬਾਤਾ ਜੋ ਕਿਛੁ ਕਰਣਾ ਸੁ ਕਰਿ ਰਹਿਆ ॥੨॥
कहु नानक करते कीआ बाता जो किछु करणा सु करि रहिआ ॥२॥
हे नानक ! यह तो जगत-रचयिता की ही सब लीला है, जो कुछ प्रभु ने करना है, उसे वह किए जा रहा है॥ २॥

ਮਃ ੨ ॥
मः २ ॥
महला २ ॥

ਜੋਗ ਸਬਦੰ ਗਿਆਨ ਸਬਦੰ ਬੇਦ ਸਬਦੰ ਬ੍ਰਾਹਮਣਹ ॥
जोग सबदं गिआन सबदं बेद सबदं ब्राहमणह ॥
योगियों का धर्म ज्ञान प्राप्त करना है और ब्राह्मण का धर्म वेदों का अध्ययन करना है।

ਖਤ੍ਰੀ ਸਬਦੰ ਸੂਰ ਸਬਦੰ ਸੂਦ੍ਰ ਸਬਦੰ ਪਰਾ ਕ੍ਰਿਤਹ ॥
खत्री सबदं सूर सबदं सूद्र सबदं परा क्रितह ॥
क्षत्रियों का धर्म शूरवीरता के कार्य करना है और शूद्रों का धर्म दूसरों की सेवा करना है।

ਸਰਬ ਸਬਦੰ ਏਕ ਸਬਦੰ ਜੇ ਕੋ ਜਾਣੈ ਭੇਉ ॥ ਨਾਨਕੁ ਤਾ ਕਾ ਦਾਸੁ ਹੈ ਸੋਈ ਨਿਰੰਜਨ ਦੇਉ ॥੩॥
सरब सबदं एक सबदं जे को जाणै भेउ ॥ नानकु ता का दासु है सोई निरंजन देउ ॥३॥
परन्तु सभी का धर्म एक ईश्वर का सुमिरन करना है।यदि कोई इस रहस्य को जानता है तो नानक उसका दास है और वह पुरुष स्वयं ही निरंजन प्रभु है॥ ३॥

ਮਃ ੨ ॥
मः २ ॥
महला २॥

ਏਕ ਕ੍ਰਿਸਨੰ ਸਰਬ ਦੇਵਾ ਦੇਵ ਦੇਵਾ ਤ ਆਤਮਾ ॥
एक क्रिसनं सरब देवा देव देवा त आतमा ॥
एक कृष्ण ही सभी देवताओं का देव है। वह उन देवताओं ब्रह्मा, विष्णु एवं शिव सब की आत्मा है।

ਆਤਮਾ ਬਾਸੁਦੇਵਸ੍ਯ ਜੇ ਕੋ ਜਾਣੈ ਭੇਉ ॥ ਨਾਨਕੁ ਤਾ ਕਾ ਦਾਸੁ ਹੈ ਸੋਈ ਨਿਰੰਜਨ ਦੇਉ ॥੪॥
आतमा बासुदेवस्यि जे को जाणै भेउ ॥ नानकु ता का दासु है सोई निरंजन देउ ॥४॥
सब जीवों में बसने वाला वासुदेव स्वयं ही इनकी आत्मा है, यदि कोई इस रहस्य को समझता हो, नानक उसका दास है, वह स्वयं ही निरंजन प्रभु है॥ ४॥

ਮਃ ੧ ॥
मः १ ॥
महला १॥

ਕੁੰਭੇ ਬਧਾ ਜਲੁ ਰਹੈ ਜਲ ਬਿਨੁ ਕੁੰਭੁ ਨ ਹੋਇ ॥
कुमभे बधा जलु रहै जल बिनु कुमभु न होइ ॥
जैसे घड़े में बंधा हुआ जल टिका रहता है वैसे ही जल के बिना घड़ा भी नहीं बन सकता।

ਗਿਆਨ ਕਾ ਬਧਾ ਮਨੁ ਰਹੈ ਗੁਰ ਬਿਨੁ ਗਿਆਨੁ ਨ ਹੋਇ ॥੫॥
गिआन का बधा मनु रहै गुर बिनु गिआनु न होइ ॥५॥
इसी तरह (गुरु के) ज्ञान का वश में किया हुआ मन टिका रहता है परन्तु गुरु के बिना ज्ञान नहीं होता॥ ५॥

ਪਉੜੀ ॥
पउड़ी ॥
पउड़ी॥

ਪੜਿਆ ਹੋਵੈ ਗੁਨਹਗਾਰੁ ਤਾ ਓਮੀ ਸਾਧੁ ਨ ਮਾਰੀਐ ॥
पड़िआ होवै गुनहगारु ता ओमी साधु न मारीऐ ॥
यदि पढ़ा-लिखा विद्वान व्यक्ति दोषी हो तो अनपढ़ मनुष्य को डरना नहीं चाहिए क्योंकि नेक होने के कारण उस अनपढ़ को दण्ड नहीं मिलता।

ਜੇਹਾ ਘਾਲੇ ਘਾਲਣਾ ਤੇਵੇਹੋ ਨਾਉ ਪਚਾਰੀਐ ॥
जेहा घाले घालणा तेवेहो नाउ पचारीऐ ॥
मनुष्य जैसे कर्म करता है, वैसा ही उसका नाम दुनिया में गूंजता है।

ਐਸੀ ਕਲਾ ਨ ਖੇਡੀਐ ਜਿਤੁ ਦਰਗਹ ਗਇਆ ਹਾਰੀਐ ॥
ऐसी कला न खेडीऐ जितु दरगह गइआ हारीऐ ॥
हमें ऐसी जीवन की खेल नहीं खेलने चाहिए, जिसके फलस्वरूप प्रभु के दरबार में पहुँचने पर हारना पड़े।

ਪੜਿਆ ਅਤੈ ਓਮੀਆ ਵੀਚਾਰੁ ਅਗੈ ਵੀਚਾਰੀਐ ॥
पड़िआ अतै ओमीआ वीचारु अगै वीचारीऐ ॥
विद्वान एवं अनपढ़ के कर्मों का लेखा-जोखा परलोक में होगा,

ਮੁਹਿ ਚਲੈ ਸੁ ਅਗੈ ਮਾਰੀਐ ॥੧੨॥
मुहि चलै सु अगै मारीऐ ॥१२॥
स्वेच्छाचारी मनुष्य को परलोक में कर्मों का दण्ड अवश्य मिलता है॥ १२॥

ਸਲੋਕੁ ਮਃ ੧ ॥
सलोकु मः १ ॥
श्लोक महला १॥

ਨਾਨਕ ਮੇਰੁ ਸਰੀਰ ਕਾ ਇਕੁ ਰਥੁ ਇਕੁ ਰਥਵਾਹੁ ॥
नानक मेरु सरीर का इकु रथु इकु रथवाहु ॥
हे नानक ! चौरासी लाख योनियों में सुमेरु पर्वत समान मानव-शरीर सर्वोच्च है। इस शरीर का एक रथ एवं एक रथवान है।

ਜੁਗੁ ਜੁਗੁ ਫੇਰਿ ਵਟਾਈਅਹਿ ਗਿਆਨੀ ਬੁਝਹਿ ਤਾਹਿ ॥
जुगु जुगु फेरि वटाईअहि गिआनी बुझहि ताहि ॥
युग-युग के पश्चात् ये बदलते रहते हैं और ज्ञानी पुरुष ही इस भेद को समझते हैं।

ਸਤਜੁਗਿ ਰਥੁ ਸੰਤੋਖ ਕਾ ਧਰਮੁ ਅਗੈ ਰਥਵਾਹੁ ॥
सतजुगि रथु संतोख का धरमु अगै रथवाहु ॥
सतयुग में मानव-शरीर का रथ संतोष का था और धर्म सारथी था।

ਤ੍ਰੈਤੈ ਰਥੁ ਜਤੈ ਕਾ ਜੋਰੁ ਅਗੈ ਰਥਵਾਹੁ ॥
त्रेतै रथु जतै का जोरु अगै रथवाहु ॥
त्रैता युग में (मानव-शरीर का) रथ ब्रह्मचर्य था और इच्छा सारथी थी।

ਦੁਆਪੁਰਿ ਰਥੁ ਤਪੈ ਕਾ ਸਤੁ ਅਗੈ ਰਥਵਾਹੁ ॥
दुआपुरि रथु तपै का सतु अगै रथवाहु ॥
द्वापर युग में (मानव-शरीर का) रथ तपस्या का था और सत्य सारथी था।

ਕਲਜੁਗਿ ਰਥੁ ਅਗਨਿ ਕਾ ਕੂੜੁ ਅਗੈ ਰਥਵਾਹੁ ॥੧॥
कलजुगि रथु अगनि का कूड़ु अगै रथवाहु ॥१॥
कलियुग में (मानव शरीर का) रथ तृष्णा रूपी अग्नि का रथ है और झूठ इसका सारथी है॥ १॥

ਮਃ ੧ ॥
मः १ ॥
महला १॥

ਸਾਮ ਕਹੈ ਸੇਤੰਬਰੁ ਸੁਆਮੀ ਸਚ ਮਹਿ ਆਛੈ ਸਾਚਿ ਰਹੇ ॥ ਸਭੁ ਕੋ ਸਚਿ ਸਮਾਵੈ ॥
साम कहै सेतमबरु सुआमी सच महि आछै साचि रहे ॥ सभु को सचि समावै ॥
सामवेद कहता है कि जगत का स्वामी प्रभु श्वेत-वस्त्रों वाला है। सतियुग में प्रत्येक मनुष्य सत्य को चाहता था, सत्य में विचरता था और सत्य में ही समा जाता था।

ਰਿਗੁ ਕਹੈ ਰਹਿਆ ਭਰਪੂਰਿ ॥ ਰਾਮ ਨਾਮੁ ਦੇਵਾ ਮਹਿ ਸੂਰੁ ॥
रिगु कहै रहिआ भरपूरि ॥ राम नामु देवा महि सूरु ॥
ऋग्वेद कहता है कि प्रभु सर्वव्यापक है और सभी देवताओं में परमात्मा का राम नाम सर्वश्रेष्ठ है।

ਨਾਇ ਲਇਐ ਪਰਾਛਤ ਜਾਹਿ ॥ ਨਾਨਕ ਤਉ ਮੋਖੰਤਰੁ ਪਾਹਿ ॥
नाइ लइऐ पराछत जाहि ॥ नानक तउ मोखंतरु पाहि ॥
राम नाम के सिमरन द्वारा प्रायश्चित हो जाता है अर्थात् पाप निवृत हो जाते हैं।हे नानक ! राम नाम लेने से ही मनुष्य मोक्ष प्राप्त कर लेता है।

जुज महि जोरि छली चंद्रावलि कान् क्रिसनु जादमु भइआ ॥
जुज महि जोरि छली चंद्रावलि कान्ह क्रिसनु जादमु भइआ ॥
यजुर्वेद के समय (द्वापर में) यादव वंश के कृष्ण-कन्हैया हुए, जिन्होंने अपने बाहुबल से चंद्रावलि को छल लिया था।

पारजातु गोपी लै आइआ बिंद्राबन महि रंगु कीआ ॥
पारजातु गोपी लै आइआ बिंद्राबन महि रंगु कीआ ॥
श्रीकृष्ण अपनी गोपी (सत्यभामा) हेतु इन्द्र के उद्यान से पारिजात (कल्पवृक्ष) ले आए थे और वृन्दावन में चमत्कार रचे तथा आनंद मनाते रहे।

कलि महि बेदु अथरबणु हूआ नाउ खुदाई अलहु भइआ ॥
कलि महि बेदु अथरबणु हूआ नाउ खुदाई अलहु भइआ ॥
कलयुग में अथर्ववेद प्रसिद्ध हुआ तथा उसके अनुसार प्रभु का नाम 'अल्लाह एवं 'खुदा' विख्यात हो गया।

नील बसत्र् ले कपड़े पहिरे तुरक पठाणी अमलु कीआ ॥
नील बसत्र ले कपड़े पहिरे तुरक पठाणी अमलु कीआ ॥
लोगों ने नीले रंग के वस्त्र पहने तथा तुर्कों एवं मुगलों का शासन हो गया।

चारे वेद होऐ सचिआर ॥
चारे वेद होए सचिआर ॥
इस तरह चारों वेद-सामवेद, ऋग्वेद, यजुर्वेद, अथर्ववेद सच्चे कहे गए।

पड़हि गुणहि तिन् चार वीचार ॥
पड़हि गुणहि तिन्ह चार वीचार ॥
उनको पढ़ने एवं अध्ययन करने से मनुष्य उनमें चार सिद्धांत प्राप्त करता है।

भाउ भगति करि नीचु सदाऐ ॥ तउ नानक मोखंतरु पाऐ ॥२॥
भाउ भगति करि नीचु सदाए ॥ तउ नानक मोखंतरु पाए ॥२॥
हे नानक ! यदि मनुष्य प्रभु की भक्ति करके अपने आपको विनीत कहलवाए तो ही वह मोक्ष प्राप्त करता है॥ २ ॥

पउड़ी ॥
पउड़ी ॥
पउड़ी ॥

ਸਤਿਗੁਰ ਵਿਟਹੁ ਵਾਰਿਆ ਜਿਤੁ ਮਿਲਿਐ ਖਸਮੁ ਸਮਾਲਿਆ ॥
सतिगुर विटहु वारिआ जितु मिलिऐ खसमु समालिआ ॥
मैं अपने सतगुरु पर बलिहारी जाता हूँ, जिनके मिलन से भगवान का सिमरन किया है।

ਜਿਨਿ ਕਰਿ ਉਪਦੇਸੁ ਗਿਆਨ ਅੰਜਨੁ ਦੀਆ ਇਨੀ ਨੇਤ੍ਰੀ ਜਗਤੁ ਨਿਹਾਲਿਆ ॥
जिनि करि उपदेसु गिआन अंजनु दीआ इन्ही नेत्री जगतु निहालिआ ॥
जिसने मुझे उपदेश देकर ज्ञान का सुरमा प्रदान किया है और इन नेत्रों से मैंने जगत के सत्य को देख लिया है।

ਖਸਮੁ ਛੋਡਿ ਦੂਜੈ ਲਗੇ ਡੁਬੇ ਸੇ ਵਣਜਾਰਿਆ ॥
खसमु छोडि दूजै लगे डुबे से वणजारिआ ॥
जो व्यापारी (प्राणी) अपने प्रभु-पति को त्यागकर द्वैतवाद में लीन हुए, वे डूब गए हैं।

ਸਤਿਗੁਰੂ ਹੈ ਬੋਹਿਥਾ ਵਿਰਲੈ ਕਿਨੈ ਵੀਚਾਰਿਆ ॥
सतिगुरू है बोहिथा विरलै किनै वीचारिआ ॥
सतगुरु संसार-सागर में से पार करवाने वाला एक जहाज है, कुछ दुर्लभ पुरुष ही इसे अनुभव करते है।

ਕਰਿ ਕਿਰਪਾ ਪਾਰਿ ਉਤਾਰਿਆ ॥੧੩॥
करि किरपा पारि उतारिआ ॥१३॥
अपनी कृपा करके वह उनको संसार-सागर से पार कर देता है।॥ १३॥

ਸਲੋਕੁ ਮਃ ੧ ॥
सलोकु मः १ ॥
श्लोक महला १॥

ਸਿੰਮਲ ਰੁਖੁ ਸਰਾਇਰਾ ਅਤਿ ਦੀਰਘ ਅਤਿ ਮੁਚੁ ॥
सिमल रुखु सराइरा अति दीरघ अति मुचु ॥
सेमल का वृक्ष बड़ा सीधा, अत्यंत ऊँचा एवं बहुत मोटा होता है।

ਓਇ ਜਿ ਆਵਹਿ ਆਸ ਕਰਿ ਜਾਹਿ ਨਿਰਾਸੇ ਕਿਤੁ ॥
ओइ जि आवहि आस करि जाहि निरासे कितु ॥
कितने ही पक्षी उसका फल खाने की आशा करके इसके पास आते हैं परन्तु निराश होकर चले जाते हैं।

ਫਲ ਫਿਕੇ ਫੁਲ ਬਕਬਕੇ ਕੰਮਿ ਨ ਆਵਹਿ ਪਤ ॥
फल फिके फुल बकबके कमि न आवहि पत ॥
चूंकि इसके फल बहुत फीके, फूल बकबके एवं पत्ते किसी काम के नहीं होते।

ਮਿਠਤੁ ਨੀਵੀ ਨਾਨਕਾ ਗੁਣ ਚੰਗਿਆਈਆ ਤਤੁ ॥
मिठतु नीवी नानका गुण चंगिआईआ ततु ॥
हे नानक ! नम्रता बड़ी मीठी होती है और यह सब गुणों एवं अच्छाइयों का निचोड़ है अर्थात् सर्वोत्तम गुण है।

ਸਭੁ ਕੋ ਨਿਵੈ ਆਪ ਕਉ ਪਰ ਕਉ ਨਿਵੈ ਨ ਕੋਇ ॥
सभु को निवै आप कउ पर कउ निवै न कोइ ॥
प्रत्येक मनुष्य अपने स्वार्थ हेतु झुकता है परन्तु दूसरों की भलाई हेतु कोई नहीं झुकता।

ਧਰਿ ਤਾਰਾਜੂ ਤੋਲੀਐ ਨਿਵੈ ਸੁ ਗਉਰਾ ਹੋਇ ॥
धरि ताराजू तोलीऐ निवै सु गउरा होइ ॥
यदि कोई वस्तु तुला पर रख कर तौली जाए तो तुला का जो पलड़ा झुकता है, वही भारी होता है।

ਅਪਰਾਧੀ ਦੂਣਾ ਨਿਵੈ ਜੋ ਹੰਤਾ ਮਿਰਗਾਹਿ ॥
अपराधी दूणा निवै जो हंता मिरगाहि ॥
मृग के शिकारी की भाँति अपराधी दुगुना झुकता है परन्तु

ਸੀਸਿ ਨਿਵਾਇਐ ਕਿਆ ਥੀਐ ਜਾ ਰਿਦੈ ਕੁਸੁਧੇ ਜਾਹਿ ॥੧॥
सीसि निवाइऐ किआ थीऐ जा रिदै कुसुधे जाहि ॥१॥
सिर झुकाने से क्या प्राप्त हो सकता है जब मनुष्य हृदय से ही मैला हो जाता है।॥ १॥

ਮਃ ੧ ॥
मः १ ॥
महला १॥

ਪੜਿ ਪੁਸਤਕ ਸੰਧਿਆ ਬਾਦੰ ॥
पड़ि पुसतक संधिआ बादं ॥
पण्डित (वेद इत्यादि धार्मिक ग्रंथ) पुस्तकें पढ़ता है, सन्ध्या-वन्दन एवं वाद-विवाद करता है।

ਸਿਲ ਪੂਜਸਿ ਬਗੁਲ ਸਮਾਧੰ ॥
सिल पूजसि बगुल समाधं ॥
वह पत्थरों की पूजा करता है और बगुलों की भाँति समाधि लगाता है।

ਮੁਖਿ ਝੂਠ ਬਿਭੂਖਣ ਸਾਰੰ ॥
मुखि झूठ बिभूखण सारं ॥
वह अपने मुख से झूठ बोलता है और सुन्दर आभूषणों की तरह दिखाता है।

ਤ੍ਰੈਪਾਲ ਤਿਹਾਲ ਬਿਚਾਰੰ ॥
त्रैपाल तिहाल बिचारं ॥
वह दिन में तीन बार गायत्री मंत्र का पाठ करता है।

ਗਲਿ ਮਾਲਾ ਤਿਲਕੁ ਲਿਲਾਟੰ ॥
गलि माला तिलकु लिलाटं ॥
गले में माला और माथे पर तिलक धारण करता है।

ਦੁਇ ਧੋਤੀ ਬਸਤ੍ਰ ਕਪਾਟੰ ॥
दुइ धोती बसत्र कपाटं ॥
दुहरी धोती पहनता और सिर पर वस्त्र भी रखता है।

ਜੇ ਜਾਣਸਿ ਬ੍ਰਹਮੰ ਕਰਮੰ ॥
जे जाणसि ब्रहमं करमं ॥
परन्तु यदि यह पण्डित ब्रह्म का कर्म जानता हो तो

ਸਭਿ ਫੋਕਟ ਨਿਸਚਉ ਕਰਮੰ ॥
सभि फोकट निसचउ करमं ॥
उसे पता लगेगा कि यह सभी निश्चय कर्म व्यर्थ के आडम्बर हैं।

ਕਹੁ ਨਾਨਕ ਨਿਹਚਉ ਧਿਆਵੈ ॥
कहु नानक निहचउ धिआवै ॥
हे नानक ! श्रद्धा धारण करके भगवान का ध्यान करना चाहिए।

ਵਿਣੁ ਸਤਿਗੁਰ ਵਾਟ ਨ ਪਾਵੈ ॥੨॥
विणु सतिगुर वाट न पावै ॥२॥
सतगुरु के मार्गदर्शन के बिना नाम-सिमरन का मार्ग नहीं मिलता ॥ २॥

ਪਉੜੀ ॥
पउड़ी ॥
पउड़ी॥

ਕਪੜੁ ਰੂਪੁ ਸੁਹਾਵਣਾ ਛਡਿ ਦੁਨੀਆ ਅੰਦਰਿ ਜਾਵਣਾ ॥
कपड़ु रूपु सुहावणा छडि दुनीआ अंदरि जावणा ॥
इस शरीर रूपी सुन्दर वस्त्र एवं सौन्दर्य को इस दुनिया में ही छोड़कर जीव ने जाना है।

ਮੰਦਾ ਚੰਗਾ ਆਪਣਾ ਆਪੇ ਹੀ ਕੀਤਾ ਪਾਵਣਾ ॥
मंदा चंगा आपणा आपे ही कीता पावणा ॥
जीव ने स्वयं अपने अच्छे-बुरे कर्मों का फल भोगना है।

ਹੁਕਮ ਕੀਏ ਮਨਿ ਭਾਵਦੇ ਰਾਹਿ ਭੀੜੈ ਅਗੈ ਜਾਵਣਾ ॥
हुकम कीए मनि भावदे राहि भीड़ै अगै जावणा ॥
मनुष्य को इहलोक में ऐसी यातनाएँ सहन करनी पड़ेंगी, मानो आगे चलकर किसी संकरे रास्ते से निचोड़ा जा रहा हो अर्थात् परलोक में उसे कठिन मार्ग में से ही गुजरना होगा।

ਨੰਗਾ ਦੋਜਕਿ ਚਾਲਿਆ ਤਾ ਦਿਸੈ ਖਰਾ ਡਰਾਵਣਾ ॥
नंगा दोजकि चालिआ ता दिसै खरा डरावणा ॥
जब वह नग्न ही नरक को जाता है तो वह सचमुच ही बड़ा भयानक लगता है।

ਕਰਿ ਅਉਗਣ ਪਛੋਤਾਵਣਾ ॥੧੪॥
करि अउगण पछोतावणा ॥१४॥
वह अपने किए हुए अवगुणों पर पश्चाताप करता है॥ १४ ॥

ਸਲੋਕੁ ਮਃ ੧ ॥
सलोकु मः १ ॥
श्लोक महला १॥

ਦਇਆ ਕਪਾਹ ਸੰਤੋਖੁ ਸੂਤੁ ਜਤੁ ਗੰਢੀ ਸਤੁ ਵਟੁ ॥
दइआ कपाह संतोखु सूतु जतु गंढी सतु वटु ॥
हे पण्डित ! दया की कपास हो, संतोष का धागा हो, ब्रह्मचर्य की गांठ हो और सत्य द्वारा बल डाला हो,

ਏਹੁ ਜਨੇਊ ਜੀਅ ਕਾ ਹਈ ਤ ਪਾਡੇ ਘਤੁ ॥
एहु जनेऊ जीअ का हई त पाडे घतु ॥
यह ही आत्मा का जनेऊ है, हे पण्डित ! यदि तेरे पास ऐसा जनेऊ है तो मुझे पहना दे।

ਨਾ ਏਹੁ ਤੁਟੈ ਨ ਮਲੁ ਲਗੈ ਨਾ ਏਹੁ ਜਲੈ ਨ ਜਾਇ ॥
ना एहु तुटै न मलु लगै ना एहु जलै न जाइ ॥
ऐसा आत्मा का जनेऊ न ही टूटता है, न इसे मैल लगती है, न ही यह जलता है और न ही यह गुम होता है।

ਧੰਨੁ ਸੁ ਮਾਣਸ ਨਾਨਕਾ ਜੋ ਗਲਿ ਚਲੇ ਪਾਇ ॥
धंनु सु माणस नानका जो गलि चले पाइ ॥
हे नानक ! वह मनुष्य धन्य हैं जिन्होंने ऐसा जनेऊ अपने गले में पहन लिया है।

ਚਉਕੜਿ ਮੁਲਿ ਅਣਾਇਆ ਬਹਿ ਚਉਕੈ ਪਾਇਆ ॥
चउकड़ि मुलि अणाइआ बहि चउकै पाइआ ॥
हे पण्डित ! यह जनेऊ तो तुमने चार कौड़ियाँ मूल्य देकर मंगवा लिया और विशिष्ट अनुष्ठान पर अपने यजमान के चौके में बैठकर उसके गले में पहना दिया,

ਸਿਖਾ ਕੰਨਿ ਚੜਾਈਆ ਗੁਰੁ ਬ੍ਰਾਹਮਣੁ ਥਿਆ ॥
सिखा कंनि चड़ाईआ गुरु ब्राहमणु थिआ ॥
फिर तुम उसे कान में उपदेश देते हो कि आज से तेरा गुरु ब्राह्मण हो गया।

ਓਹੁ ਮੁਆ ਓਹੁ ਝੜਿ ਪਇਆ ਵੇਤਗਾ ਗਇਆ ॥੧॥
ओहु मुआ ओहु झड़ि पइआ वेतगा गइआ ॥१॥
परन्तु कुछ समय उपरांत वह यजमान जब प्राण त्याग देता है तो वह जनेऊ उसके पार्थिव शरीर सहित जल जाता है और आत्मा धागे के बिना ही दुनिया से चली जाती है॥ १॥

ਮਃ ੧ ॥
मः १ ॥
महला १॥

ਲਖ ਚੋਰੀਆ ਲਖ ਜਾਰੀਆ ਲਖ ਕੂੜੀਆ ਲਖ ਗਾਲਿ ॥
लख चोरीआ लख जारीआ लख कूड़ीआ लख गालि ॥
इन्सान लाखों ही चोरियाँ, लाखों ही व्यभिचार करता है और लाखों ही झूठ एवं लाखों ही कटु वचन बोलता है।

ਲਖ ਠਗੀਆ ਪਹਿਨਾਮੀਆ ਰਾਤਿ ਦਿਨਸੁ ਜੀਅ ਨਾਲਿ ॥
लख ठगीआ पहिनामीआ राति दिनसु जीअ नालि ॥
वह दिन-रात लाखों ही ठगियों एवं गोपनीय पाप प्राणों के साथ बनाए रखता है।

ਤਗੁ ਕਪਾਹਹੁ ਕਤੀਐ ਬਾਮ੍ਹ੍ਹਣੁ ਵਟੇ ਆਇ ॥
तगु कपाहहु कतीऐ बाम्हणु वटे आइ ॥
कपास को कातकर धागा बनाया जाता है और ब्राह्मण आकर इसे बल देकर पहना देता है।

ਕੁਹਿ ਬਕਰਾ ਰਿੰਨਿ੍ ਖਾਇਆ ਸਭੁ ਕੋ ਆਖੈ ਪਾਇ ॥
कुहि बकरा रिंन्हि खाइआ सभु को आखै पाइ ॥
घर आए हुए अतिथियों को बकरा मार कर पकाया एवं खिलाया जाता है। सभी लोग कहते हैं कि जनेऊ पहना दो।

ਹੋਇ ਪੁਰਾਣਾ ਸੁਟੀਐ ਭੀ ਫਿਰਿ ਪਾਈਐ ਹੋਰੁ ॥
होइ पुराणा सुटीऐ भी फिरि पाईऐ होरु ॥
जब जनेऊ पुराना हो जाता है तो इसे फेंककर नया जनेऊ पहना दिया जाता है।

ਨਾਨਕ ਤਗੁ ਨ ਤੁਟਈ ਜੇ ਤਗਿ ਹੋਵੈ ਜੋਰੁ ॥੨॥
नानक तगु न तुटई जे तगि होवै जोरु ॥२॥
हे नानक ! यदि धागे में दया, संतोष एवं सत्य का बल हो तो आत्मा का यह धागा कभी टूटता नहीं ॥ २ ॥

ਮਃ ੧ ॥
मः १ ॥
महला १॥

ਨਾਇ ਮੰਨਿਐ ਪਤਿ ਊਪਜੈ ਸਾਲਾਹੀ ਸਚੁ ਸੂਤੁ ॥
नाइ मंनिऐ पति ऊपजै सालाही सचु सूतु ॥
यदि श्रद्धा से प्रभु का नाम-सिमरन किया जाए तो ही सम्मान उत्पन्न होता है।

ਦਰਗਹ ਅੰਦਰਿ ਪਾਈਐ ਤਗੁ ਨ ਤੂਟਸਿ ਪੂਤ ॥੩॥
दरगह अंदरि पाईऐ तगु न तूटसि पूत ॥३॥
प्रभु की गुणस्तुति ही सच्चा जनेऊ है। ऐसा पवित्र धागा प्रभु की सभा में पहनाया जाता है और यह कभी टूटता नहीं ॥ ३॥

ਮਃ ੧ ॥
मः १ ॥
महला १ ॥

ਤਗੁ ਨ ਇੰਦ੍ਰੀ ਤਗੁ ਨ ਨਾਰੀ ॥
तगु न इंद्री तगु न नारी ॥
मनुष्य की इन्द्रिय हेतु कोई धागा नहीं और नारी के लिए भी कोई धागा नहीं अर्थात् स्त्री-पुरुष के भोग-विलास के अंगों पर कोई बन्धन नहीं।

ਭਲਕੇ ਥੁਕ ਪਵੈ ਨਿਤ ਦਾੜੀ ॥
भलके थुक पवै नित दाड़ी ॥
इनके कारण मनुष्य की दाढ़ी (मुँह) पर नित्य ही अपमान का थूक जाता है अर्थात् भोग-विलास के कारण अपमानित होता है।

ਤਗੁ ਨ ਪੈਰੀ ਤਗੁ ਨ ਹਥੀ ॥
तगु न पैरी तगु न हथी ॥
पैरों के लिए कोई धागा नहीं जो बुरे स्थान पर जाते हैं और न ही कोई हाथों के लिए धागा है जो बुरे कर्म करते हैं।

ਤਗੁ ਨ ਜਿਹਵਾ ਤਗੁ ਨ ਅਖੀ ॥
तगु न जिहवा तगु न अखी ॥
धागा जीभ के लिए भी नहीं जो पराई निंदा करती है और न ही नेत्रों के लिए कोई धागा है जो पराया रूप देखते हैं।

ਵੇਤਗਾ ਆਪੇ ਵਤੈ ॥ ਵਟਿ ਧਾਗੇ ਅਵਰਾ ਘਤੈ ॥
वेतगा आपे वतै ॥ वटि धागे अवरा घतै ॥
यद्यपि वह स्वयं सत्यता के धागे के बिना भटकता रहता है किन्तु दूसरों को धागे बना-बना कर डालता रहता है।

ਲੈ ਭਾੜਿ ਕਰੇ ਵੀਆਹੁ ॥
लै भाड़ि करे वीआहु ॥
विवाह करवाने का वह किराया लेता है और

ਕਢਿ ਕਾਗਲੁ ਦਸੇ ਰਾਹੁ ॥
कढि कागलु दसे राहु ॥
पत्री निकाल कर वह मार्ग दिखाता है।

ਸੁਣਿ ਵੇਖਹੁ ਲੋਕਾ ਏਹੁ ਵਿਡਾਣੁ ॥
सुणि वेखहु लोका एहु विडाणु ॥
हे लोगो ! सुनो और देखो, यह कितनी आश्चर्यचकित बात है कि

ਮਨਿ ਅੰਧਾ ਨਾਉ ਸੁਜਾਣੁ ॥੪॥
मनि अंधा नाउ सुजाणु ॥४॥
आत्मिक तौर पर अन्धा होता हुआ भी पण्डित अपना नाम (बुद्धिमान) सुजान कहलवाता है॥४॥

ਪਉੜੀ ॥
पउड़ी ॥
पउड़ी॥

ਸਾਹਿਬੁ ਹੋਇ ਦਇਆਲੁ ਕਿਰਪਾ ਕਰੇ ਤਾ ਸਾਈ ਕਾਰ ਕਰਾਇਸੀ ॥
साहिबु होइ दइआलु किरपा करे ता साई कार कराइसी ॥
जब प्रभु दयालु होता है तो कृपा करके वह जीवों से कर्म करवाता है।

ਸੋ ਸੇਵਕੁ ਸੇਵਾ ਕਰੇ ਜਿਸ ਨੋ ਹੁਕਮੁ ਮਨਾਇਸੀ ॥
सो सेवकु सेवा करे जिस नो हुकमु मनाइसी ॥
वही सेवक उसकी सेवा-भक्ति करता है, जिसे वह आज्ञा का भेद बताकर मनवा लेता है।

ਹੁਕਮਿ ਮੰਨਿਐ ਹੋਵੈ ਪਰਵਾਣੁ ਤਾ ਖਸਮੈ ਕਾ ਮਹਲੁ ਪਾਇਸੀ ॥
हुकमि मंनिऐ होवै परवाणु ता खसमै का महलु पाइसी ॥
प्रभु की आज्ञा मानने से मनुष्य स्वीकृत हो जाता है और तब वह सत्य के महल को पा लेता है।

ਖਸਮੈ ਭਾਵੈ ਸੋ ਕਰੇ ਮਨਹੁ ਚਿੰਦਿਆ ਸੋ ਫਲੁ ਪਾਇਸੀ ॥
खसमै भावै सो करे मनहु चिंदिआ सो फलु पाइसी ॥
जो कुछ प्रभु-पति को अच्छा लगता है, वही कुछ वह (पालन) करता है, जब उसकी सेवा सफल हो जाती है तो उसे मनोवांछित फल मिल जाता है।

ਤਾ ਦਰਗਹ ਪੈਧਾ ਜਾਇਸੀ ॥੧੫॥
ता दरगह पैधा जाइसी ॥१५॥
वह तब मान-सम्मान सहित प्रभु के दरबार में जाता है॥ १५ ॥

ਸਲੋਕ ਮਃ ੧ ॥
सलोक मः १ ॥
श्लोक महला १॥

ਗਊ ਬਿਰਾਹਮਣ ਕਉ ਕਰੁ ਲਾਵਹੁ ਗੋਬਰਿ ਤਰਣੁ ਨ ਜਾਈ ॥
गऊ बिराहमण कउ करु लावहु गोबरि तरणु न जाई ॥
हे भाई ! गाय एवं ब्राह्मण पर तो तुम कर लगाते हो। गाय के गोबर ने तुझे मोक्ष प्रदान नहीं करना।

ਧੋਤੀ ਟਿਕਾ ਤੈ ਜਪਮਾਲੀ ਧਾਨੁ ਮਲੇਛਾਂ ਖਾਈ ॥
धोती टिका तै जपमाली धानु मलेछां खाई ॥
एक ओर धोती, तिलक एवं माला धारण करते हो लेकिन दूसरी ओर मुसलमानों से धन-धान्य खाते हो, जिन्हें मलेच्छ कह कर पुकारते हो।

ਅੰਤਰਿ ਪੂਜਾ ਪੜਹਿ ਕਤੇਬਾ ਸੰਜਮੁ ਤੁਰਕਾ ਭਾਈ ॥
अंतरि पूजा पड़हि कतेबा संजमु तुरका भाई ॥
हे भाई ! अपने घर के अन्दर तुम पूजा-अर्चना करते हो लेकिन बाहर मुसलमानों से डर कर पाखंड करके कुरान पढ़ते एवं मुसलमानों की भाँति जीवन-आचरण धारण करते हो।

ਛੋਡੀਲੇ ਪਾਖੰਡਾ ॥
छोडीले पाखंडा ॥
हे भाई ! यह पाखण्ड त्याग दो।

ਨਾਮਿ ਲਇਐ ਜਾਹਿ ਤਰੰਦਾ ॥੧॥
नामि लइऐ जाहि तरंदा ॥१॥
प्रभु का नाम-सिमरन करने से ही तुझे मोक्ष प्राप्त होगा ॥ १॥

ਮਃ ੧ ॥
मः १ ॥
महला १॥

ਮਾਣਸ ਖਾਣੇ ਕਰਹਿ ਨਿਵਾਜ ॥
माणस खाणे करहि निवाज ॥
मानव-भक्षी मुसलमान पाँच वक्त की नमाज़ पढ़ते हैं।

ਛੁਰੀ ਵਗਾਇਨਿ ਤਿਨ ਗਲਿ ਤਾਗ ॥
छुरी वगाइनि तिन गलि ताग ॥
दूसरी ओर अत्याचार की छुरी चलाते हैं, उनके गले में धागा है।

ਤਿਨ ਘਰਿ ਬ੍ਰਹਮਣ ਪੂਰਹਿ ਨਾਦ ॥
तिन घरि ब्रहमण पूरहि नाद ॥
उनके घर में ब्राह्मण शंख बजाते हैं।

ਉਨ੍ਹਾ ਭਿ ਆਵਹਿ ਓਈ ਸਾਦ ॥
उन्हा भि आवहि ओई साद ॥
उनको भी वही स्वाद आता है।

ਕੂੜੀ ਰਾਸਿ ਕੂੜਾ ਵਾਪਾਰੁ ॥
कूड़ी रासि कूड़ा वापारु ॥
उनकी पूंजी झूठी है और उनका व्यापार झूठा है।

ਕੂੜੁ ਬੋਲਿ ਕਰਹਿ ਆਹਾਰੁ ॥
कूड़ु बोलि करहि आहारु ॥
झुठ बोलकर वह भोजन ग्रहण करते हैं।

ਸਰਮ ਧਰਮ ਕਾ ਡੇਰਾ ਦੂਰਿ ॥
सरम धरम का डेरा दूरि ॥
लज्जा एवं धर्म का बसेरा उनसे कहीं दूर है।

ਨਾਨਕ ਕੂੜੁ ਰਹਿਆ ਭਰਪੂਰਿ ॥
नानक कूड़ु रहिआ भरपूरि ॥
हे नानक ! झूठ उन सभी को भरपूर कर रहा है।

ਮਥੈ ਟਿਕਾ ਤੇੜਿ ਧੋਤੀ ਕਖਾਈ ॥
मथै टिका तेड़ि धोती कखाई ॥
वे माथे पर तिलक लगाते हैं और कमर के साथ भगवां धोती पहनते हैं।

ਹਥਿ ਛੁਰੀ ਜਗਤ ਕਾਸਾਈ ॥
हथि छुरी जगत कासाई ॥
उनके हाथ में छुरी है और जगत पर कसाइयों की भाँति अत्याचार कर रहे हैं।

ਨੀਲ ਵਸਤ੍ਰ ਪਹਿਰਿ ਹੋਵਹਿ ਪਰਵਾਣੁ ॥
नील वसत्र पहिरि होवहि परवाणु ॥
ब्राह्मण नीले वस्त्र पहन कर मुसलमानों की नज़र में स्वीकृत होना चाहते हैं।

ਮਲੇਛ ਧਾਨੁ ਲੇ ਪੂਜਹਿ ਪੁਰਾਣੁ ॥
मलेछ धानु ले पूजहि पुराणु ॥
मुसलमानों से धन-धान्य लेते हैं, जिन्हें मलेच्छ कहते हैं और पुराणों की फ़िर भी पूजा करते हैं।

ਅਭਾਖਿਆ ਕਾ ਕੁਠਾ ਬਕਰਾ ਖਾਣਾ ॥
अभाखिआ का कुठा बकरा खाणा ॥
एक ओर अभाषा अरबी-फारसी का कलमा पढ़कर हलाल किया बकरा खाते हैं

ਚਉਕੇ ਉਪਰਿ ਕਿਸੈ ਨ ਜਾਣਾ ॥
चउके उपरि किसै न जाणा ॥
परन्तु दूसरी ओर अपनी रसोई के भीतर किसी को दाखिल नहीं होने देते।

ਦੇ ਕੈ ਚਉਕਾ ਕਢੀ ਕਾਰ ॥
दे कै चउका कढी कार ॥
वे रसोई की लिपाई करके उसके गिर्द रेखा लगाते हैं और

ਉਪਰਿ ਆਇ ਬੈਠੇ ਕੂੜਿਆਰ ॥
उपरि आइ बैठे कूड़िआर ॥
चौकी रसोई में वे झूठे आकर बैठ जाते हैं।

ਮਤੁ ਭਿਟੈ ਵੇ ਮਤੁ ਭਿਟੈ ॥ ਇਹੁ ਅੰਨੁ ਅਸਾਡਾ ਫਿਟੈ ॥
मतु भिटै वे मतु भिटै ॥ इहु अंनु असाडा फिटै ॥
दूसरों को वे कहते हैं कि, रसोई (चौकी) के निकट मत आना, हमारी चौकी को स्पर्श मत करना, अन्यथा हमारा भोजन भ्रष्ट हो जाएगा।

ਤਨਿ ਫਿਟੈ ਫੇੜ ਕਰੇਨਿ ॥
तनि फिटै फेड़ करेनि ॥
भ्रष्ट मलिन शरीर से वे दुष्कर्म करते हैं।

ਮਨਿ ਜੂਠੈ ਚੁਲੀ ਭਰੇਨਿ ॥
मनि जूठै चुली भरेनि ॥
उनका मन विकारों से मलिन है, परन्तु वे कुल्ला करके अपना मुंह शुद्ध करने का प्रयास करते हैं।।

ਕਹੁ ਨਾਨਕ ਸਚੁ ਧਿਆਈਐ ॥
कहु नानक सचु धिआईऐ ॥
हे नानक ! सत्य का ध्यान करने से

ਸੁਚਿ ਹੋਵੈ ਤਾ ਸਚੁ ਪਾਈਐ ॥੨॥
सुचि होवै ता सचु पाईऐ ॥२॥
जब मन शुद्ध हो जाता है तो सत्य (प्रभु) प्राप्त हो जाता है॥ २ ॥

ਪਉੜੀ ॥
पउड़ी ॥
पउड़ी ॥

ਚਿਤੈ ਅੰਦਰਿ ਸਭੁ ਕੋ ਵੇਖਿ ਨਦਰੀ ਹੇਠਿ ਚਲਾਇਦਾ ॥
चितै अंदरि सभु को वेखि नदरी हेठि चलाइदा ॥
परमात्मा सब जीवों को अपने चित्त में याद रखता है और वह सबको देखकर अपनी निगाह में रखकर अपनी इच्छा से चलाता है।

ਆਪੇ ਦੇ ਵਡਿਆਈਆ ਆਪੇ ਹੀ ਕਰਮ ਕਰਾਇਦਾ ॥
आपे दे वडिआईआ आपे ही करम कराइदा ॥
वह स्वयं ही जीवों को प्रशंसा प्रदान करता है और स्वयं ही उन से कर्म करवाता है।

ਵਡਹੁ ਵਡਾ ਵਡ ਮੇਦਨੀ ਸਿਰੇ ਸਿਰਿ ਧੰਧੈ ਲਾਇਦਾ ॥
वडहु वडा वड मेदनी सिरे सिरि धंधै लाइदा ॥
बड़ों से बड़ा प्रभु महान है और उसकी सृष्टि भी अनन्त है। वह प्रत्येक को काम-काज में लगाता है।

ਨਦਰਿ ਉਪਠੀ ਜੇ ਕਰੇ ਸੁਲਤਾਨਾ ਘਾਹੁ ਕਰਾਇਦਾ ॥
नदरि उपठी जे करे सुलताना घाहु कराइदा ॥
यदि प्रभु कोप-दृष्टि धारण कर ले तो वह राजाओं-महाराजाओं को भी घास के तृण की तरह कंगाल बना देता है।

ਦਰਿ ਮੰਗਨਿ ਭਿਖ ਨ ਪਾਇਦਾ ॥੧੬॥
दरि मंगनि भिख न पाइदा ॥१६॥
चाहे वे द्वार-द्वार माँगते रहें परन्तु उन्हें भिक्षा नहीं मिलती॥ १६ ॥

ਸਲੋਕੁ ਮਃ ੧ ॥
सलोकु मः १ ॥
श्लोक महला १॥

ਜੇ ਮੋਹਾਕਾ ਘਰੁ ਮੁਹੈ ਘਰੁ ਮੁਹਿ ਪਿਤਰੀ ਦੇਇ ॥
जे मोहाका घरु मुहै घरु मुहि पितरी देइ ॥
यदि कोई चोर पराया घर लूट ले और पराए घर की लूट पितरों के नमित श्राद्ध करे तो

ਅਗੈ ਵਸਤੁ ਸਿਞਾਣੀਐ ਪਿਤਰੀ ਚੋਰ ਕਰੇਇ ॥
अगै वसतु सिञाणीऐ पितरी चोर करेइ ॥
परलोक में वस्तु पहचानी जाती है। इस तरह वह पितरों को चोर बना देती है अर्थात् पित्तरों को दण्ड मिलता और चोरी की वस्तु से पुण्य नहीं मिलता।

ਵਢੀਅਹਿ ਹਥ ਦਲਾਲ ਕੇ ਮੁਸਫੀ ਏਹ ਕਰੇਇ ॥
वढीअहि हथ दलाल के मुसफी एह करेइ ॥
प्रभु आगे यह न्याय करता है कि जो ब्राहाण अपने यजमान से वह चोरी की वस्तु पितरों निमित दान करवाता है, उस मध्यस्थ ब्राहाण के हाथ काट दिए जाते हैं।

ਨਾਨਕ ਅਗੈ ਸੋ ਮਿਲੈ ਜਿ ਖਟੇ ਘਾਲੇ ਦੇਇ ॥੧॥
नानक अगै सो मिलै जि खटे घाले देइ ॥१॥
हे नानक ! आगे परलोक में केवल यही प्राप्त होता है, जो मनुष्य अपने परिश्रम से कम कर देता है॥ १॥

ਮਃ ੧ ॥
मः १ ॥
महला १॥

ਜਿਉ ਜੋਰੂ ਸਿਰਨਾਵਣੀ ਆਵੈ ਵਾਰੋ ਵਾਰ ॥
जिउ जोरू सिरनावणी आवै वारो वार ॥
जैसे स्त्री को बार-बार मासिक-धर्म होता है,

ਜੂਠੇ ਜੂਠਾ ਮੁਖਿ ਵਸੈ ਨਿਤ ਨਿਤ ਹੋਇ ਖੁਆਰੁ ॥
जूठे जूठा मुखि वसै नित नित होइ खुआरु ॥
वैसे झूठे मनुष्य के मुँह में झूठ ही बना रहता है। ऐसा मनुष्य सदैव ही दुःखी होता है।

ਸੂਚੇ ਏਹਿ ਨ ਆਖੀਅਹਿ ਬਹਨਿ ਜਿ ਪਿੰਡਾ ਧੋਇ ॥
सूचे एहि न आखीअहि बहनि जि पिंडा धोइ ॥
ऐसा मनुष्य पवित्र नहीं कहा जाता, जो अपने शरीर को शुद्ध करके बैठ जाता है।

ਸੂਚੇ ਸੇਈ ਨਾਨਕਾ ਜਿਨ ਮਨਿ ਵਸਿਆ ਸੋਇ ॥੨॥
सूचे सेई नानका जिन मनि वसिआ सोइ ॥२॥
हे नानक ! पवित्र लोग वही हैं, जिनके मन में प्रभु निवास करता है॥ २ ॥

ਪਉੜੀ ॥
पउड़ी ॥
पउड़ी।

ਤੁਰੇ ਪਲਾਣੇ ਪਉਣ ਵੇਗ ਹਰ ਰੰਗੀ ਹਰਮ ਸਵਾਰਿਆ ॥
तुरे पलाणे पउण वेग हर रंगी हरम सवारिआ ॥
जिन लोगों के पास पवन-वेग की तरह तेज चलने वाले सुन्दर काठीधारी घोड़े हैं,

ਕੋਠੇ ਮੰਡਪ ਮਾੜੀਆ ਲਾਇ ਬੈਠੇ ਕਰਿ ਪਾਸਾਰਿਆ ॥
कोठे मंडप माड़ीआ लाइ बैठे करि पासारिआ ॥
जिन्होंने अपनी रानियों के रनिवास को हर प्रकार के रंगों से सजाया है, जो मकानों, मंडपों एवं ऊँचे मन्दिरों में रहते हैं और आडम्बर करते रहते हैं।

ਚੀਜ ਕਰਨਿ ਮਨਿ ਭਾਵਦੇ ਹਰਿ ਬੁਝਨਿ ਨਾਹੀ ਹਾਰਿਆ ॥
चीज करनि मनि भावदे हरि बुझनि नाही हारिआ ॥
जो अपनी मन लुभावनी बातें करते हैं, परन्तु प्रभु को नहीं जानते इसलिए उन्होंने अपने जीवन की बाजी हार दी है।

ਕਰਿ ਫੁਰਮਾਇਸਿ ਖਾਇਆ ਵੇਖਿ ਮਹਲਤਿ ਮਰਣੁ ਵਿਸਾਰਿਆ ॥
करि फुरमाइसि खाइआ वेखि महलति मरणु विसारिआ ॥
जिन व्यक्तियों ने दूसरों पर हुक्म चला कर भोजन खाया है और अपने महलों को देखकर मृत्यु को भुला दिया है

ਜਰੁ ਆਈ ਜੋਬਨਿ ਹਾਰਿਆ ॥੧੭॥
जरु आई जोबनि हारिआ ॥१७॥
जब उन पर बुढ़ापा आ गया तो उसके आगे उनका यौवन हार गया अर्थात् बुढ़ापे ने उनका यौवन नष्ट कर दिया ॥ १७ ॥

ਸਲੋਕੁ ਮਃ ੧ ॥
सलोकु मः १ ॥
श्लोक महला १॥

ਜੇ ਕਰਿ ਸੂਤਕੁ ਮੰਨੀਐ ਸਭ ਤੈ ਸੂਤਕੁ ਹੋਇ ॥
जे करि सूतकु मंनीऐ सभ तै सूतकु होइ ॥
यदि सूतक रूपी वहम को सत्य मान लिया जाए तो सूतक सब में होता है।

ਗੋਹੇ ਅਤੈ ਲਕੜੀ ਅੰਦਰਿ ਕੀੜਾ ਹੋਇ ॥
गोहे अतै लकड़ी अंदरि कीड़ा होइ ॥
गोबर एवं लकड़ी में भी कीड़ा होता है।

ਜੇਤੇ ਦਾਣੇ ਅੰਨ ਕੇ ਜੀਆ ਬਾਝੁ ਨ ਕੋਇ ॥
जेते दाणे अंन के जीआ बाझु न कोइ ॥
जितने भी अनाज के दाने इस्तेमाल किए जाते हैं, कोई भी दाना जीव के बिना नहीं।

ਪਹਿਲਾ ਪਾਣੀ ਜੀਉ ਹੈ ਜਿਤੁ ਹਰਿਆ ਸਭੁ ਕੋਇ ॥
पहिला पाणी जीउ है जितु हरिआ सभु कोइ ॥
सर्वप्रथम जल ही जीवन है, जिससे सब कुछ हरा-भरा (ताजा) होता है।

ਸੂਤਕੁ ਕਿਉ ਕਰਿ ਰਖੀਐ ਸੂਤਕੁ ਪਵੈ ਰਸੋਇ ॥
सूतकु किउ करि रखीऐ सूतकु पवै रसोइ ॥
सूतक किस तरह दूर रखा जा सकता है ? यह सूतक हमारी पाकशाला (रसोई) में भी रहता है।

ਨਾਨਕ ਸੂਤਕੁ ਏਵ ਨ ਉਤਰੈ ਗਿਆਨੁ ਉਤਾਰੇ ਧੋਇ ॥੧॥
नानक सूतकु एव न उतरै गिआनु उतारे धोइ ॥१॥
हे नानक ! भ्रमों के कारण पड़ा सूतक इस तरह कभी दूर नहीं होता, इसे ज्ञान द्वारा ही शुद्ध करके दूर किया जा सकता है॥ १॥

ਮਃ ੧ ॥
मः १ ॥
महला १॥

ਮਨ ਕਾ ਸੂਤਕੁ ਲੋਭੁ ਹੈ ਜਿਹਵਾ ਸੂਤਕੁ ਕੂੜੁ ॥
मन का सूतकु लोभु है जिहवा सूतकु कूड़ु ॥
मन का सूतक लोभ है अर्थात् लोभ रूपी सूतक मन को चिपकता है और जीभ का सूतक झूठ है अर्थात् झूठ रूपी सूतक जीभ से लगता है।

ਅਖੀ ਸੂਤਕੁ ਵੇਖਣਾ ਪਰ ਤ੍ਰਿਅ ਪਰ ਧਨ ਰੂਪੁ ॥
अखी सूतकु वेखणा पर त्रिअ पर धन रूपु ॥
आंखों का सूतक पराई नारी, पराया-धन एवं रूप-यौवन को देखना है।

ਕੰਨੀ ਸੂਤਕੁ ਕੰਨਿ ਪੈ ਲਾਇਤਬਾਰੀ ਖਾਹਿ ॥
कंनी सूतकु कंनि पै लाइतबारी खाहि ॥
कानों का सूतक कानों से पराई निन्दा सुनना है।

ਨਾਨਕ ਹੰਸਾ ਆਦਮੀ ਬਧੇ ਜਮ ਪੁਰਿ ਜਾਹਿ ॥੨॥
नानक हंसा आदमी बधे जम पुरि जाहि ॥२॥
हे नानक ! इन सूतकों के कारण मनुष्य की आत्मा जकड़ी हुई यमपुरी जाती है॥ २॥

ਮਃ ੧ ॥
मः १ ॥
महला १॥

ਸਭੋ ਸੂਤਕੁ ਭਰਮੁ ਹੈ ਦੂਜੈ ਲਗੈ ਜਾਇ ॥
सभो सूतकु भरमु है दूजै लगै जाइ ॥
यह जीवन-मृत्यु वाला सूतक केवल भ्रम ही है, जो द्वैतभाव के कारण सबको लगा हुआ है।

ਜੰਮਣੁ ਮਰਣਾ ਹੁਕਮੁ ਹੈ ਭਾਣੈ ਆਵੈ ਜਾਇ ॥
जमणु मरणा हुकमु है भाणै आवै जाइ ॥
जन्म एवं मरण प्रभु की आज्ञा है और उसकी इच्छा द्वारा ही मनुष्य जन्म लेता और प्राण त्यागता है।

ਖਾਣਾ ਪੀਣਾ ਪਵਿਤ੍ਰੁ ਹੈ ਦਿਤੋਨੁ ਰਿਜਕੁ ਸੰਬਾਹਿ ॥
खाणा पीणा पवित्रु है दितोनु रिजकु स्मबाहि ॥
खाना-पीना पवित्र है, क्योंकि प्रभु ने सभी जीवों को भोजन दिया है।

ਨਾਨਕ ਜਿਨ੍ੀ ਗੁਰਮੁਖਿ ਬੁਝਿਆ ਤਿਨ੍ਾ ਸੂਤਕੁ ਨਾਹਿ ॥੩॥
नानक जिन्ही गुरमुखि बुझिआ तिन्हा सूतकु नाहि ॥३॥
हे नानक ! जो गुरुमुख बनकर इस भेद को समझ लेता है, उसे सूतक नहीं लगता॥ ३॥

ਪਉੜੀ ॥
पउड़ी ॥
पउड़ी।

ਸਤਿਗੁਰੁ ਵਡਾ ਕਰਿ ਸਾਲਾਹੀਐ ਜਿਸੁ ਵਿਚਿ ਵਡੀਆ ਵਡਿਆਈਆ ॥
सतिगुरु वडा करि सालाहीऐ जिसु विचि वडीआ वडिआईआ ॥
जिस सतगुरु में महान् गुण उपस्थित हैं, उसे बड़ा मानकर उसी की स्तुति करनी चाहिए।

ਸਹਿ ਮੇਲੇ ਤਾ ਨਦਰੀ ਆਈਆ ॥
सहि मेले ता नदरी आईआ ॥
भगवान की कृपा से सतगुरु मिल जाए तो वह सतगुरु की बड़ाई को देखता है।

ਜਾ ਤਿਸੁ ਭਾਣਾ ਤਾ ਮਨਿ ਵਸਾਈਆ ॥
जा तिसु भाणा ता मनि वसाईआ ॥
जब उसे अच्छा लगता है तो वह मनुष्य के मन में बसा देता है।

ਕਰਿ ਹੁਕਮੁ ਮਸਤਕਿ ਹਥੁ ਧਰਿ ਵਿਚਹੁ ਮਾਰਿ ਕਢੀਆ ਬੁਰਿਆਈਆ ॥
करि हुकमु मसतकि हथु धरि विचहु मारि कढीआ बुरिआईआ ॥
ईश्वर की आज्ञा हो तो सतगुरु मनुष्य के मस्तक पर हाथ रखकर तमाम बुराइयाँ निकाल कर फेंक देता है।

ਸਹਿ ਤੁਠੈ ਨਉ ਨਿਧਿ ਪਾਈਆ ॥੧੮॥
सहि तुठै नउ निधि पाईआ ॥१८॥
जब प्रभु प्रसन्न हो जाए तो नवनिधियाँ प्राप्त हो जाती हैं॥ १८ ॥

ਸਲੋਕੁ ਮਃ ੧ ॥
सलोकु मः १ ॥
श्लोक महला १ ॥

ਪਹਿਲਾ ਸੁਚਾ ਆਪਿ ਹੋਇ ਸੁਚੈ ਬੈਠਾ ਆਇ ॥
पहिला सुचा आपि होइ सुचै बैठा आइ ॥
पहले ब्राह्मण आप निर्मल होकर पवित्र चौके पर बैठ जाता है।

ਸੁਚੇ ਅਗੈ ਰਖਿਓਨੁ ਕੋਇ ਨ ਭਿਟਿਓ ਜਾਇ ॥
सुचे अगै रखिओनु कोइ न भिटिओ जाइ ॥
शुद्ध भोजन जिसे किसी ने स्पर्श नहीं किया होता, उसके समक्ष लाकर परोसा जाता है।

ਸੁਚਾ ਹੋਇ ਕੈ ਜੇਵਿਆ ਲਗਾ ਪੜਣਿ ਸਲੋਕੁ ॥
सुचा होइ कै जेविआ लगा पड़णि सलोकु ॥
इस तरह पवित्र होकर वह भोजन ग्रहण करता है और तब श्लोक पढ़ने लग जाता है।

ਕੁਹਥੀ ਜਾਈ ਸਟਿਆ ਕਿਸੁ ਏਹੁ ਲਗਾ ਦੋਖੁ ॥
कुहथी जाई सटिआ किसु एहु लगा दोखु ॥
उसने पवित्र भोजन को अपने पेट में अशुद्ध स्थान में डाल लिया, यह दोष किसे लगा है ?

ਅੰਨੁ ਦੇਵਤਾ ਪਾਣੀ ਦੇਵਤਾ ਬੈਸੰਤਰੁ ਦੇਵਤਾ ਲੂਣੁ ਪੰਜਵਾ ਪਾਇਆ ਘਿਰਤੁ ॥ ਤਾ ਹੋਆ ਪਾਕੁ ਪਵਿਤੁ ॥
अंनु देवता पाणी देवता बैसंतरु देवता लूणु पंजवा पाइआ घिरतु ॥ ता होआ पाकु पवितु ॥
अन्न, जल, अग्नि एवं नमक चारों ही देवता अर्थात् पवित्र पदार्थ हैं। जब पाँचवां पदार्थ घी डाल दिया जाता है तो शुद्ध एवं पवित्र भोजन बन जाता है।

ਪਾਪੀ ਸਿਉ ਤਨੁ ਗਡਿਆ ਥੁਕਾ ਪਈਆ ਤਿਤੁ ॥
पापी सिउ तनु गडिआ थुका पईआ तितु ॥
देवताओं की तरह पवित्र भोजन पापी तन के संयोग से अपवित्र हो जाता है और उस पर फिर थूका जाता है।

ਜਿਤੁ ਮੁਖਿ ਨਾਮੁ ਨ ਊਚਰਹਿ ਬਿਨੁ ਨਾਵੈ ਰਸ ਖਾਹਿ ॥
जितु मुखि नामु न ऊचरहि बिनु नावै रस खाहि ॥
हे नानक ! वह मुँह जो नाम का उच्चारण नहीं करता और नाम के बिना रसों का भोग करता है,

ਨਾਨਕ ਏਵੈ ਜਾਣੀਐ ਤਿਤੁ ਮੁਖਿ ਥੁਕਾ ਪਾਹਿ ॥੧॥
नानक एवै जाणीऐ तितु मुखि थुका पाहि ॥१॥
यूं समझ लीजिए कि उस मुँह पर थूक ही पड़ता है॥ १॥

ਮਃ ੧ ॥
मः १ ॥
महला १॥

ਭੰਡਿ ਜੰਮੀਐ ਭੰਡਿ ਨਿੰਮੀਐ ਭੰਡਿ ਮੰਗਣੁ ਵੀਆਹੁ ॥
भंडि जमीऐ भंडि निमीऐ भंडि मंगणु वीआहु ॥
नारी जन्मदात्री है, उसी के माध्यम से मनुष्य गर्भ में से जन्म लेता है, उसी के माध्यम से प्राणी का शरीर बनता है। नारी से ही उसकी सगाई एवं विवाह होता है।

ਭੰਡਹੁ ਹੋਵੈ ਦੋਸਤੀ ਭੰਡਹੁ ਚਲੈ ਰਾਹੁ ॥
भंडहु होवै दोसती भंडहु चलै राहु ॥
नारी से ही मनुष्य दोस्ती करता है और नारी द्वारा ही दुनिया की उत्पत्ति का मार्ग जारी रहता है।

ਭੰਡੁ ਮੁਆ ਭੰਡੁ ਭਾਲੀਐ ਭੰਡਿ ਹੋਵੈ ਬੰਧਾਨੁ ॥
भंडु मुआ भंडु भालीऐ भंडि होवै बंधानु ॥
यदि किसी मनुष्य की पत्नी मर जाती है तो वह दूसरी स्त्री की खोज करता है। नारी से ही उसका दूसरों से रिश्ता बनता है।

ਸੋ ਕਿਉ ਮੰਦਾ ਆਖੀਐ ਜਿਤੁ ਜੰਮਹਿ ਰਾਜਾਨ ॥
सो किउ मंदा आखीऐ जितु जमहि राजान ॥
फिर उस नारी को क्यों बुरा कहें ? जिसने बड़े-बड़े राजा महाराजा एवं महापुरुषों को जन्म दिया है।

ਭੰਡਹੁ ਹੀ ਭੰਡੁ ਊਪਜੈ ਭੰਡੈ ਬਾਝੁ ਨ ਕੋਇ ॥
भंडहु ही भंडु ऊपजै भंडै बाझु न कोइ ॥
नारी से ही नारी पैदा होती है और नारी के बिना कोई भी पैदा नहीं हो सकता।

ਨਾਨਕ ਭੰਡੈ ਬਾਹਰਾ ਏਕੋ ਸਚਾ ਸੋਇ ॥
नानक भंडै बाहरा एको सचा सोइ ॥
किन्तु हे नानक ! केवल एक परमात्मा ही नारी के बिना अयोनि में है।

ਜਿਤੁ ਮੁਖਿ ਸਦਾ ਸਾਲਾਹੀਐ ਭਾਗਾ ਰਤੀ ਚਾਰਿ ॥
jितु मुखि सदा सालाहीऐ भागा रती चारि ॥
जिस मुख से सदा ही प्रभु की गुणस्तुति होती है, वह भाग्यशाली एवं सुन्दर है।

ਨਾਨਕ ਤੇ ਮੁਖ ਊਜਲੇ ਤਿਤੁ ਸਚੈ ਦਰਬਾਰਿ ॥੨॥
नानक ते मुख ऊजले तितु सचै दरबारि ॥२॥
हे नानक ! वह मुख उस सत्य प्रभु के दरबार में उज्ज्वल होता है।॥ २॥

ਪਉੜੀ ॥
पउड़ी ॥
पउड़ी ॥

ਸਭੁ ਕੋ ਆਖੈ ਆਪਣਾ ਜਿਸੁ ਨਾਹੀ ਸੋ ਚੁਣਿ ਕਢੀਐ ॥
सभु को आखै आपणा जिसु नाही सो चुणि कढीऐ ॥
हे प्रभु ! सभी तुझे अपना स्वामी कहते हैं लेकिन जिसका तू नहीं है, उसे चुनकर बाहर निकाल दिया जाता है।

ਕੀਤਾ ਆਪੋ ਆਪਣਾ ਆਪੇ ਹੀ ਲੇਖਾ ਸੰਢੀਐ ॥
कीता आपो आपणा आपे ही लेखा संढीऐ ॥
हर किसी प्राणी ने अपने कर्मों का फल भोगना है और अपना लेखा-जोखा चुकाना है।

ਜਾ ਰਹਣਾ ਨਾਹੀ ਐਤੁ ਜਗਿ ਤਾ ਕਾਇਤੁ ਗਾਰਬਿ ਹੰਢੀਐ ॥
जा रहणा नाही ऐतु जगि ता काइतु गारबि हंढीऐ ॥
यदि मनुष्य ने इस जगत में सदा नहीं रहना तो वह क्यों अभिमान करे।

ਮੰਦਾ ਕਿਸੈ ਨ ਆਖੀਐ ਪੜਿ ਅਖਰੁ ਏਹੋ ਬੁਝੀਐ ॥ ਮੂਰਖੈ ਨਾਲਿ ਨ ਲੁਝੀਐ ॥੧੯॥
मंदा किसै न आखीऐ पड़ि अखरु एहो बुझीऐ ॥ मूरखै नालि न लुझीऐ ॥१९॥
किसी को भी बुरा मत कहो और विद्या पढ़कर इस बात को समझना चाहिए। मूर्खों से कदापि झगड़ा नहीं करना चाहिए ॥१९॥

ਸਲੋਕੁ ਮਃ ੧ ॥
सलोकु मः १ ॥
श्लोक महला १॥

ਨਾਨਕ ਫਿਕੈ ਬੋਲਿਐ ਤਨੁ ਮਨੁ ਫਿਕਾ ਹੋਇ ॥
नानक फिकै बोलिऐ तनु मनु फिका होइ ॥
हे नानक ! फीका बोलने से तन-मन दोनों ही फीके (शुष्क) हो जाते हैं।

ਫਿਕੋ ਫਿਕਾ ਸਦੀਐ ਫਿਕੇ ਫਿਕੀ ਸੋਇ ॥
फिको फिका सदीऐ फिके फिकी सोइ ॥
कड़वा बोलने वाला दुनिया में कटुभाषी ही मशहूर हो जाता है और लोग भी उसके कड़वे वचनों से ही याद करते हैं।

ਫਿਕਾ ਦਰਗਹ ਸਟੀਐ ਮੁਹਿ ਥੁਕਾ ਫਿਕੇ ਪਾਇ ॥
फिका दरगह सटीऐ मुहि थुका फिके पाइ ॥
कड़वे स्वभाव वाला जीव प्रभु के दरबार में दुत्कार दिया जाता है और कटुभाषी के मुँह पर थूक ही पड़ता है।

ਫਿਕਾ ਮੂਰਖੁ ਆਖੀਐ ਪਾਣਾ ਲਹੈ ਸਜਾਇ ॥੧॥
फिका मूरखु आखीऐ पाणा लहै सजाइ ॥१॥
कटुभाषी मनुष्य मूर्ख कहा जाता है और उसे दण्ड के तौर पर जूते पड़ते हैं।॥ १॥

ਮਃ ੧ ॥
मः १ ॥
महला १॥

ਅੰਦਰਹੁ ਝੂਠੇ ਪੈਜ ਬਾਹਰਿ ਦੁਨੀਆ ਅੰਦਰਿ ਫੈਲੁ ॥
अंदरहु झूठे पैज बाहरि दुनीआ अंदरि फैलु ॥
मन से झूठे पर बाहर से सत्यवादी होने का दिखावा करने वाले दुनिया में पाखण्ड ही बनाए रखते हैं।

ਅਠਸਠਿ ਤੀਰਥ ਜੇ ਨਾਵਹਿ ਉਤਰੈ ਨਾਹੀ ਮੈਲੁ ॥
अठसठि तीरथ जे नावहि उतरै नाही मैलु ॥
चाहे वे अड़सठ तीर्थों का स्नान कर लें परन्तु फिर भी उनकी मन की मैल दूर नहीं होती।

ਜਿਨ੍ ਪਟੁ ਅੰਦਰਿ ਬਾਹਰਿ ਗੁਦੜੁ ਤੇ ਭਲੇ ਸੰਸਾਰਿ ॥
जिन्ह पटु अंदरि बाहरि गुदड़ु ते भले संसारि ॥
इस दुनिया में वही लोग भले हैं, जिनके मन में रेश्म की तरह कोमलता है, चाहे बाहर से उन्होंने शरीर पर फटे-पुराने ही कपड़े पहने हुए हैं।

ਤਿਨ੍ ਨੇਹੁ ਲਗਾ ਰਬ ਸੇਤੀ ਦੇਖਨ੍ ਵੀਚਾਰਿ ॥
तिन्ह नेहु लगा रब सेती देखन्हे वीचारि ॥
उनका भगवान से बहुत प्रेम है और उसके दर्शनों का ध्यान धारण करते हैं।

ਰੰਗਿ ਹਸਹਿ ਰੰਗਿ ਰੋਵਹਿ ਚੁਪ ਭੀ ਕਰਿ ਜਾਹਿ ॥
रंगि हसहि रंगि रोवहि चुप भी करि जाहि ॥
प्रभु के प्रेम में वे हँसते हैं, प्रेम में ही रोते हैं और चुप भी हो जाते हैं।

ਪਰਵਾਹ ਨਾਹੀ ਕਿਸੈ ਕੇਰੀ ਬਾਝੁ ਸਚੇ ਨਾਹ ॥
परवाह नाही किसै केरी बाझु सचे नाह ॥
वह अपने सत्यस्वरूप परमेश्वर के अतिरिक्त किसी की भी परवाह नहीं करते।

ਦਰਿ ਵਾਟ ਉਪਰਿ ਖਰਚੁ ਮੰਗਾ ਜਬੈ ਦੇਇ ਤ ਖਾਹਿ ॥
दरि वाट उपरि खरचु मंगा जबै देइ त खाहि ॥
भु-द्वार के मार्ग पर बैठे हुए वह भोजन की याचना करते हैं और जब वह देता है तो ही खाते ।

ਦੀਬਾਨੁ ਏਕੋ ਕਲਮ ਏਕਾ ਹਮਾ ਤੁਮ੍ਹ੍ਹਾ ਮੇਲੁ ॥
दीबानु एको कलम एका हमा तुम्हा मेलु ॥
परमात्मा की कचहरी एक है और एक ही उसकी जीवों की किस्मत लिखने की तूलिका है। हमारा और तुम्हारा वहाँ मेल होता है अर्थात् छोटे-बड़े का मेल होता है।

ਦਰਿ ਲਏ ਲੇਖਾ ਪੀੜਿ ਛੁਟੈ ਨਾਨਕਾ ਜਿਉ ਤੇਲੁ ॥੨॥
दरि लए लेखा पीड़ि छुटै नानका जिउ तेलु ॥२॥
प्रभु के दरबार में कर्मों का लेखा-जोखा किया जाता है। हे नानक ! अपराधी मनुष्य कोल्हू में तेल वाले बीजों की तरह पीसे जाते हैं। २॥

ਪਉੜੀ ॥
पउड़ी ॥
पउड़ी।

ਆਪੇ ਹੀ ਕਰਣਾ ਕੀਓ ਕਲ ਆਪੇ ਹੀ ਤੈ ਧਾਰੀਐ ॥
आपे ही करणा कीओ कल आपे ही तै धारीऐ ॥
हे परमात्मा ! तू स्वयं ही सृष्टि रचयिता है और स्वयं ही सत्ता को धारण किया हुआ है।

ਦੇਖਹਿ ਕੀਤਾ ਆਪਣਾ ਧਰਿ ਕਚੀ ਪਕੀ ਸਾਰੀਐ ॥
देखहि कीता आपणा धरि कची पकी सारीऐ ॥
तू अपनी रचना एवं कच्ची-पक्की गोटियों (अच्छे-बुरे जीवों) को धरती पर देखता है।

ਜੋ ਆਇਆ ਸੋ ਚਲਸੀ ਸਭੁ ਕੋਈ ਆਈ ਵਾਰੀਐ ॥
जो आइआ सो चलसी सभु कोई आई वारीऐ ॥
जो भी जीव इस दुनिया में आया है, वह चला जाएगा। अपनी बारी आने पर सभी ने जाना ही होता है।

ਜਿਸ ਕੇ ਜੀਅ ਪਰਾਣ ਹਹਿ ਕਿਉ ਸਾਹਿਬੁ ਮਨਹੁ ਵਿਸਾਰੀਐ ॥
जिस के जीअ पराण हहि किउ साहिबु मनहु विसारीऐ ॥
अपने मन में से हम उस प्रभु को क्यों विस्मृत करें, जिसने हमें जीवन एवं प्राण दिए हुए हैं?

